राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 228
जौनपुर, गुरुवार
05 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
36°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला
थायराइड एवं मुख कैंसर रोग
का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

झाबुआ में कार पर पलटा सीमेंट से लदा ट्राला, 9 लोगों की मौत

शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

झाबुआ, 04 जून। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में मंगलवार देर रात एक भीषण हादसा हो गया। थांदला-झाबुआ मार्ग पर ईको कार पर ट्राले के पलटने से दो परिवारों के नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें चार बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। भीषण हादसे में एक महिला और एक बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्राले के नीचे दबी कार: जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग झाबुआ के भावपुरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। सजेली रेलवे फाटक, निर्माणाधीन पुल के पास उनकी ईको कार को एक ट्राले ने अपनी चपेट में ले लिया। ट्राला कार पर पलट गया, जिससे कार उसके नीचे बुरी तरह दब गई। इससे कार में सवार कुल 11 लोगों में से नौ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में इनकी हुई मौत: मुकेश पिता गोपाल खपेड़ (40), सावली पति मुकेश खपेड़ (35), विनोद पिता मुकेश खपेड़ (16), पायल पिता मुकेश खपेड़ (12), मढ़ी पति भारू बमनिया (38), विजय भारू बमनिया (14), कांता पिता भारू बमनिया (14), रागिनी रामचंद्र बमनिया (9) और अकली पति सोमला परमार (35) शामिल हैं।

ट्राला चालक फरार, पुलिस कर रही तलाश: देर रात तीन से चार बजे के बीच हुए हादसे की सूचना पर थांदला और मेघनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाया। कुछ देर के बचाव कार्य के बाद घायलों को कार से निकालकर सिविल अस्पताल थांदला पहुंचाया गया। मृतकों में से सावली का शव मेघनगर शासकीय अस्पताल लाया गया, जबकि बाकी शव थांदला सिविल अस्पताल भेजे गए हैं। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया है। ट्राले को जब्त कर उसके अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

हादसे का शिकार हुई ईको कार में 11 लोग सवार थे। जिनमें से नौ लोगों की मौत हो गई। 19 साल की पायल सोमला परमार और पांच साल का आशु पिता रामचंद्र बमनिया गंभीर रूप से घायल हैं। उनका थांदला सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN
SR. SECONDARY SCHOOL
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
ADMISSION OPEN 2025-26
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1
Result - 24-01-2024
NIKHIL SINGH
SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE
9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO
9415234111, 9415349820
9450089310

गुटखा थूकने के लिए खोला चलती कार का दरवाजा, 100 की स्पीड में 6 बार पलटी इनोवा

व्यवसायी की मौत, चालक समेत दो घायल

नई दिल्ली, 04 जून। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से एक बेहद लापरवाही का मामला सामने आया है। बिलासपुर में गुरुनानक ढाबा के पास कार चला रहे व्यवसायी ने चलती कार का दरवाजा खोलकर गुटखा थूका। इसी दौरान 100 की स्पीड से दौड़ रही इनोवा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर करीब छह बार पलटी। हादसे में कार सवार व्यवसायी और ड्राइवर सड़क पर जा गिरे। हादसे में एक व्यवसायी की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जा रहा है जैसी कार पलटी तभी उसमें पीछा बैठा युवा कारोबारी बाहर गिर गया, जिसके बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक, 31 साल का जैकी गेही बिलासपुर के बाहरी इलाके चकरभाठा का कपड़ा व्यापारी था। रायपुर से 100 किलोमीटर दूर रविवार को देर रात पार्टी में गया था और अपने एक दोस्त आकाश चंदानी को करीब 1.30 बजे उसे लेने के लिए बुलाया था। आकाश एक अन्य दोस्त पंकज छाबड़ा के साथ इनोवा में पहुंचा। आकाश गाड़ी चला रहा था, पंकज आगे की यात्री सीट पर बैठा था और जैकी पीछे की सीट पर था। बिलासपुर-रायपुर हाईवे पर, आकाश ने गुटखा थूकने के लिए गाड़ी चलाते हुए अचानक दरवाजा खोला। उसने तुरंत वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जो डिवाइडर से टकराई और कई बार पलटी।

'आपकी पार्टी के कारनामे कैलेंडर में सरेंडर हैं'

राहुल गांधी के 'जी हुजूर' वाले बयान पर बीजेपी का पलटवार

नई दिल्ली, 04 जून। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सरेंडर वाले बयान को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर हमला बोला है। बीजेपी के नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, राहुल गांधी जी ये जान लीजिए कि आप,आपकी पार्टी और आपका खानदान के कारनामें आजाद हिंदुस्तान के कैलेंडरों में सरेंडर से भरे पड़े हैं।

राहुल गांधी जी, सरेंडर कांग्रेस ने किया होगा, मगर भारत किसी के सामने सरेंडर नहीं हो सकता। हम विश्व की एक मात्र ऐसी सभ्यता हैं जो हजारों सालों के आक्रमणों के बाद भी जीवंत है, जिसे आप मानने का तैयार नहीं है।हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत मां के शेर की तरह हैं, अर्थात हमारे नरेंद्र भारत मां के मृगेंद्र हैं।

बीजेपी ने बताया कांग्रेस ने कब-कब किया सरेंडर: सुधांशु त्रिवेदी ने अपने बयान में ये भी बताया कांग्रेस ने कब-कब सरेंडर किया था। 15 जुलाई 2011 को राहुल गांधी ने कहा, 'आतंकवाद पर पूरी तरह से नियंत्रण पाना असंभव है। यह सरेंडर था। 26/11 मुंबई हमलों के बाद, यूपीए सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के साथ वार्ता आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित नहीं होगी। यह भी सरेंडर ही था।'

'रोगी है राहुल गांधी की मानसिकता': सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, राहुल गांधी ने जिस प्रकार से हमारी सेना द्वारा दिखाए गए अप्रतिम शौर्य और सेना के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का विवरण दिया है, उसको सरेंडर से तुलना करना... ये दर्शाता है कि ये मानसिकता कितनी रोगी और कितनी खतरनाक हो चुकी है।

राहुल गांधी ने दिया था ऐसा बयान: भोपाल दौरे पर गए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक फोन पर पीएम मोदी ने सरेंडर कर दिया। उन्होंने ये भी कहा, इतिहास गवाह है, बीजेपी हमेशा झुकती है। साथ ही राहुल गांधी ने ट्रंप और मोदी का एक पोस्टर भी जारी किया था। इसके बाद से बीजेपी नेता राहुल गांधी पर हमला बोल रहे हैं।

चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 7 की मौत

आरसीबी की जीत का जश्न मातम में बदला: 50 से अधिक लोग हुए घायल

बेंगलुरु, 04 जून। आईपीएल सीजन 18 के फ़ाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने पंजाब किंग्स को हरकार अपनी पहली ट्रॉफी जीती। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था, लेकिन जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब विक्ट्री परेड देखने उमड़ी भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची इस अफरा-तफरी में एक महिला समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जश्न के बीच टूटा नियंत्रण, मची अफरा-तफरी: जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब आरसीबी की 18 साल बाद मिली पहली आईपीएल ट्रॉफी की खुशी में हजारों फैंस बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जुटे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्टेडियम के अंदर और बाहर भीड़ अचानक बेकाबू हो गई, और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। भगदड़ में कुछ लोग कुचल गए, वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और जश्न का माहौल पल भर में मातम में बदल गया।

आपातकालीन सेवाएं सक्रिय, घायलों का इलाज जारी: स्थानीय प्रशासन और एंबुलेंस सेवाएं तत्काल मौके पर पहुंचीं। घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स के मुताबिक कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

ट्रैफिक पुलिस ने जारी की थी एडवाइजरी: बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही भीड़ को लेकर एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें बताया गया था कि कोई ओपन बस विक्ट्री परेड नहीं होगी। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि विधानसभा और चिन्नास्वामी स्टेडियम क्षेत्र से दूर रहें और मेट्रो का उपयोग करें। बावजूद इसके, भारी संख्या में फैंस स्टेडियम के बाहर एकत्र हो गए।

1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना

नई दिल्ली, 04 जून। देश में 17 साल बाद फिर राष्ट्रीय जनगणना होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी। जनगणना, जाति जनगणना (National Population Census In India) के साथ ही की जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना दो चरणों में की जाएगी। उत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे पहले। सूत्रों ने बताया कि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी।

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open
2025-26
Science, Commerce & Humanities
RNTSSS
R.N. Tagore
Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato
diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com I www.rntsss.com

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर संसद में संग्राम के आसार

नई दिल्ली, 04 जून। संसद के मानसून सत्र की तारीखों का एलान हो गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। वहीं विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद के विशेष सत्र की लगातार मांग की जा रही है। इस बीच सरकार ने यह एलान किया है। सूत्रों के मुताबिक, संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की तरफ से राष्ट्रपति को भेजी गई सिफारिशों के अनुसार संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की इस मांग के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मॉनसून सत्र में नियमों के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदन तीन महीने से अधिक के अंतराल के बाद 21 जुलाई को सुबह 11 बजे बुलाए जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के महाभियोग मामले के सिलसिले में कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और डीएमके सहित कई विपक्षी नेताओं से संपर्क किया है।

आवास से बरामद हुई थी नकदी: इस साल मार्च में दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जला हुआ कैश बरामद हुआ। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। इस मामले के बाद उनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

इससे पहले कब हुआ था आयोजित ?: इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। बता दें कि पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला था। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और आज यानी 4 अप्रैल को समाप्त हुआ है।

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली बार इन्टरवेंशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसीन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गम्भीर जनरल मेडिसीन/ सायकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेन्सी डाक्टरों की हर समय सुविधा/उपलब्धता
(आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर)
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन
एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
ADMISSION OPEN
For Classes PG to IX
Ph No.: 9598785972, 7007410872
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना
सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916
Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड
एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

22 हजार रूपया अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त भुगतनी होगी कैद

पाक्सो एक्ट के दोषी ट्यूशन शिक्षक मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू को 4 वर्ष की कठोर कैद

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। करीब तीन वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के साथ हुए छेड़खानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी ट्यूशन शिक्षक मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू को 4 वर्ष की कठोर कैद एवं 22 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने विंढमगंज थाने में 23 जून 2022 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी कक्षा 10 की छात्रा है। उसे ट्यूशन पढ़ाने घर पर शिक्षक मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू पुत्र अनवारुलहक निवासी बैरखड़, थाना विंढमगंज, जिला सोनभद्र आता था। जिसे उसकी बेटी अपना गुरु मानती थी। 6 माह तक घर आकर शिक्षक आजाद बेटी को ट्यूशन पढ़ाया था।जिसके चलते बेटी सम्मान करती थी, लेकिन गुरु जी ट्यूशन की आड़ में फायदा उठाकर सादे कागज पर बेटी का हस्ताक्षर बनवाकर रख लेना, छेड़छाड़ करना और शादी करने

की फिराक में पड़ गए। बेटी की रिकॉर्डिंग और फोटो, वीडियो बनाकर ब्लैक मेल कर रहे थे।

बेटी लोक लाज की वजह से कुछ नहीं बता रही थी। जब ट्यूशन पढ़ना बंद हो गया तो बेटी जब भी बाहर जाती तो उसके साथ जबरन छेड़छाड़ और गलत करने की फिराक में रहता था। 16 जून 2022 को ट्यूशन शिक्षक ने अपनी भाभी को मोबाइल देकर घर भेजा और बहलाकर फुसलाकर उसकी भाभी ने विडियो कॉल बात कराई तो शिक्षक आजाद ने गंदी गंदी बात करने लगा।

जब बेटी ने विरोध जताया तो कहा कि एक सप्ताह के भीतर शादी करूँगा। अन्यथा बेटी को गोली मारकर हत्या करने व पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी दिया। जब बेटी भयभीत हो गई तो बेटी ने सारी बात बताई। इस तहरीर पर छेड़खानी, जान मारने की धमकी व पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में ट्यूशन शिक्षक मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू के विरुद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी टयूशन शिक्षक मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू को 4 वर्ष की कठोर कैद एवं 22 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरुद्ध पुलिस चलाया जा रहा अभियान

भदोही। डीजीपी के आदेश व एसपी के निर्देश के क्रम में फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरुद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पुलिस ने डिजिटल वॉरियर के रूप में युवाओं और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अभियान में युवाओं और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यायल व कालेज के छात्रों को डिजिटल इनफ्लुएंसर को डिजिटल वॉरियर के रूप में जोड़ा जा रहा है। छात्रों, युवाओं और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को प्रशिक्षित करने के लिए विद्यालय व कॉलेज तथा लाईब्रेरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में

आज साइबर क्राइम थाना व सोशल मीडिया सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अन्तर्गत लक्ष्य डिजिटल लाइब्रेरी में कार्यशाला का आयोजन कर छात्रों को प्रशिक्षित किया। छात्रों को डिजिटल वॉरियर के कार्यों की जानकारी देकर उन्हें डिजिटल वॉरियर के रूप में जोड़कर अभियान में शामिल किया गया।

पगिया मार्ग पर चलना हुआ दुश्वार, सम्बंधित ठेकेदार मस्त

करमा/सोनभद्र।(तरूणमित्र न्यूज)। पगिया तिराहे पर पगिया मार्ग हुआ अवरुद्ध। सम्बंधित ठेकेदार के मनमाने रवैया से राहगीर हो रहे हलकान। प्राप्त जानकारी अनुसार पगिया मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पगिया तिराहे पर सीसी रोड लगभग तीस मीटर ढ़ाल कर एक सप्ताह से सड़क के बीचों बीच टैंकर खड़ा कर छोड़ दिया गया है। बगल में दोनों साईडो में मिट्टी डाल दिया गया है मिट्टी का लेबल नही किया गया हल्की बारिश व टंकर के पानी से दोनों तरफ जल जमाव से कीचड़ हो गया है।

बाइक राहगीरों को फजीहत का सामना करना पड़ा रहा है। बाईक सवार, साईकिल सवार फिसल कर चोटहिल हो जा रहे हैं।

बड़े वाहन पूरी तरह से रुक गए हैं। एक ट्रक भोर में निकलने का प्रयास किया जो जाकर कीचड़ में फंस गया है जिससे पगिया तिराहे से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित से बात करने का प्रयास किया गया तो उसने यह कहते हुए फोन काट दिया कि हम क्या करें। कार्य दाई ठीकेदार के इस रवैए से स्थानीय ग्रामीणों का कभी भी गुस्सा फूट सकता है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवागमन चालू कराए जाने की मांग की है।

एनटीपीसी रिहंद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा सफाई अभियान आयोजन

बीजपुर/सोनभद्र।(तरूणमित्र न्यूज)। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत, जो 16 मई से 31 मई तक आयोजित किया गया, एनटीपीसी रिहंड ने टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता और स्वच्छता से संबंधित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। यह अभियान 16 मई को त्रिवेणी क्लब से सोन शक्ति स्टेडियम तक के मार्ग पर केवीएस रिहंडनगर के माध्यम से जागरूकता रैली (प्रभात फेरी) के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद कर्मचारियों, सहयोगियों और सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। 17 मई को टाउनशिप के विद्यालयों जैसे डीएवी, केवीएस और एसजेएस में सफाई अभियान सफलतापूर्वक संचालित किए गए, जिसमें स्कूल स्टाफ और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

18 मई को सुबह के समय बिजपुर मार्केट में सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों और सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अगले दिन 19 मई को टाउनशिप के सब्जी मंडी में भी सफाई अभियान चला। 20 मई को वेस्ट टू वेल्थ विषय पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डिस्कार्ड किए गए पैकिंग लकड़ी और घरेलू कचरे जैसे पुराने कपड़ों का रचनात्मक पुनरू उपयोग दिखाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अभियान 21 मई को एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान के साथ जारी रहा, जिसमें बैनर और डिजिटल स्टैंडियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई गई और बागवानी तथा हाउसकीपिंग स्टाफ को पर्यावरण के अनुकूल जूट और कागज के थैले वितरित किए गए। 22 मई को सब्जी मंडी और टाउनशिप की दुकानों जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन वितरित किए गए और उचित कचरा निपटान तथा इसके दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में संवेदनशीलता अभियान चलाया गया। 23 मई को ईडीसी में जीईएम गर्ल्स के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता और प्लास्टिक उपयोग कम करने को प्रोत्साहित करने हेतु एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

24 मई से टाउनशिप गेस्ट हाउस के पास हरित आवरण और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। 25 मई को टाउनशिप के मुख्य द्वार पर स्वच्छता अभियान चला, जिसके बाद 26 मई को डोढर गांव में ग्रामवासियों, ग्राम प्रधान और एनटीपीसी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से नाले की सफाई का कार्य किया गया। 27 मई को ईडीसी में कर्मचारियों, उनके आश्रितों और टाउनशिप महिलाओं के लिए स्वच्छता विषय पर निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। 28 मई को पुन: उपयोगी सामग्री जैसे लकड़ी, कपड़ा और कागज से बने सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 29 मई को स्वागत गेट और मानसरोवर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश आम जनता तक पहुँचाया गया। 30 मई को स्वच्छ स्कूल विषय पर जीईएम गर्ल्स के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और शीर्ष पांच प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

ढोढरी में बेलन नदी के तट पर वृक्षारोपण आज

सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने अवगत कराया है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून, 2025 को विकास खण्ड चतरा के ग्राम पंचायत ढोढरी में पर्यावरणीय स्थिरता के लिए एक दिवसीय अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम के तहत बेलन नदी के तट पर वृक्षारोपण किया जाना है, जिसमें सम्बन्धित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है।

सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 05 जून 2025 को एक दिवसीय अभियान एक पेड़ माँ के नाम के सफल कियान्वयन हेतु प्रात: 10.00 बजे विकास खण्ड चतरा के ग्राम पंचायत ढोढरी में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें।

सहकारिता विभाग हुआ सख्त बकायेदारों से कर रहा वसूली

मीरजापुर। सहकारिता विभाग विशेष वसूली अभियान चलाकर बकायेदार किसानों पर शिकंजा कसते हुए वसूली कर रहा है। बकायेदार कृषकों के घर अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक घर-घर जा कर बकाये ऋण को जमा करने के लिए अपील कर रहे हैं। 30 जून तक नहीं जमा करने पर ब्याज दर 3 प्रतिशत के जगह 12.70 प्रतिशत देना होगा। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 70 प्रतिशत वसूली की जा चुकी है। सहकारी समिति बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान जून में चलाया जा रहा है।

वसूली करने के लिए जिले के सभी 12 ब्लाकों में टीमें गठित करके वसूली कराई जा रही है। जनपद में अबतक 70 प्रतिशत कृषकों से वसूली की जा चुकी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विपिन कुमार सिंह ने बताया की 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो किसान 30 जून 2025 तक अपना ऋण जमा नहीं करेंगे उन्हें उर्वरक ऋण एवं समिति से प्राप्त होने वाले बाकी सुविधा नहीं दी जाएगी। इसलिए सभी से अपील है कि समय रहते जमा कर दें।

किसानों को दी गई खरीफ सीजन में लगने वाले फसलों की जानकारी

संकल्प अभियान के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती करने पर दिया गया जोर

भदोही। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र बेंजवा, भारती सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी तथा जनपद के कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से बुधवार को जिले के 9 गांवों कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर किसानों को खरीफ सीजन में लगने वाली फसलों की जानकारी दी गई।

इस दौरान चकसुंदरपुर, नथईपुर, उमरपुर, भिदिऊरा, पाली, कसीदहा, घाटमपुर, दुलहीपुर तथा छत्रशाहपुर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां पर किसानों को खरीफ सीजन में लगने वाली फसलों धान, बाजारा, उड़द, मूंग, तिल तथा सब्जी वाली फसलों की उन्नत खेती, जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं मृदा जांच, कृषि मैकेनाइजेशन, सिंचाई तकनीक, पौध

सुरक्षा पर जानकारी प्रदान दी गई। डॉ. विश्वेंदु द्विवेदी ने बताया कि विकासखण्ड ज्ञानपुर के घाटमपुर, दुलहीपुर और छत्रशाहपुर में वह स्वयं, डा. भुवनेश्वरी, किरण कुमार ने एकीकृत नाशीजीबी प्रबंधन और बीज उत्पादन तकनीकी के साथ किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र से रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का आवाह्न किया। छात्रशाहपुर के कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अन्य किसानों को जुड़ने को प्रेरित किया।

अमित यादव आत्महत्या मामले मे आया नया मोड़ अवैध सम्बन्ध बना कारण

अनपरा, सोनभद्र। एमइआइएल कालोनी मे अमित यादव आत्महत्या मामले मे आया नया मोड़ अवैध सम्बन्ध विवाहिता उसके पति द्वारा प्रताड़ित कर आत्महत्या का लगा आरोप।

मृतक अमित यादव के पिता अनिल यादव पुत्र निवासी एमइआइएल कालोनी ने अनपरा थाना मे तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अमित यादव अखिलेश मिश्रा उसकी पत्नी के मकान में फासी लगा लिया अखिलेश मिश्रा की पत्नी से उसके पुत्र अमित यादव का संबंध था। जिसको दूर करने के लिये उन्होने पुत्र का विवाह 3 माह पूर्व कर दिया था। जिसको लेकर अखिलेश मिश्रा की पत्नी उसके पुत्र अमित यादव को शारीरिक शोषण तथा बलत्कार के मुकदमे में फंसाने के लिए शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से शोषण कर रही थी इसमे उसका पति अखिलेश मिश्रा भी साथ दे रहा था दिनांक 16.05.2025 को अमित ने अपने मित्र रोहित यादव से बात कर बताया कि महिला इतना ब्लैकमेल कर रही है कि या तो मैं उसको मार दूंगा या खुद मर जाऊंगा। इसी ब्लैकमेलिंग और प्रताड़ना के कारण उसके पुत्र ने आत्महत्या कर लिया।

सेवानिवृत रजिस्ट्रार कानूनगो सहित दो कर्मचारियों को दी विदाई

दुद्धी, सोनभद्र।(तरूणमित्र न्यूज)। राजस्व विभाग से सेवानिवृत होने वाले दो कर्मचारियों को बुधवार को दुद्धी में राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल संघ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में सेवानिवृत कर्मचारियों की आँखें नम हो गई। सेवानिवृत रजिस्ट्रार कानूनगो निजामुद्दीन और संग्रह अनुसेवक श्रवण 31 मई 2025 को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुद्धी एसडीएम निखिल यादव एवं विशिष्ट अतिथि तहसीलदार अंजनी गुप्ता रहे। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि निखिल यादव ने कहा कि सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत होने वाली पल बेहद यादगार होती हैं, क्योंकि सेवा काल में विभाग में रहते हुए अपने अधिकारियो तथा साथी कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन मानस से लगाव हो जाती हैं। सफल सेवा के बाद अब अपने परिवार बच्चों को पूर्ण समय देने का समय आ गया हैं। राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल संघ द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों को मोमेंटो, छाता देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान रजिस्ट्रार कानूनगो की सेवाभाव को याद करते हुए जमकर सराहना की गई। तहसीलदार दुद्धी ने सेवानिवृत दोनों कर्मचारियों को अपनी सरकारी गाड़ी से घर तक छोड़वाया।

इस दौरान नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार, ओपी सिंह, कानूनगो खरपत्तू, केदार नाथ, अखिलेश शुक्ला, नागेंद्र पाठक, सुरेश चंद पाण्डेय, तेजप्रताप सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष विनय गुप्ता, अरुण कन्नौजिया, महेंद्र यादव, मकबूल, लाल बाबू, राघवेंद्र, संतोष यादव, अश्वनी कुमार, प्रभात पटेल, वर्षा, रीता, अनीता, सावित्री, सरिता सहित अन्य लेखपाल व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

क्षय रोग से बचाव के लिए ईंट भट्ठा श्रमिकों को किया गया जागरूक

मिर्जापुर। जनपद में 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रयासों के साथ-साथ आम जनमानस को जागरूक करने का भी प्रयास जारी किया गया है। उक्त प्रयास के तहत जिले के विकास खंड सीखड़ अंतर्गत केला बेला ग्राम सभा स्थित इंडिया ईंट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिकों के बीच टीबी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उपरोक्त आयोजन के दौरान क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा उपस्थित श्रमिकों को टीबी के समस्त लक्षण से परिचित कराते हुए कहा गया कि ऐसे लक्षण प्रभावित संदिग्ध मरीजों के लिए समस्त सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर नि: शुल्क जांच एवं इलाज व्यवस्था उपलब्ध है, यादव ने बताया कि आप सभी के घर परिवार में किसी को भी यदि ऐसे लक्षण हों या भविष्य में कभी मिलते हैं तो तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करा लें।

लड़की के पिता ने गहने कपड़े कम होने पर बिना दुल्हन का लौटा दी बारात

पहले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से लिया फेरा, फिर बारात लेकर पहुंचा घर

मीरजापुर। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लाभार्थियों के लिए मजाक हो गया है। यहां के एक युवक ने पहले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह की फिर लगभ चार महीने बाद उसी लड़की के घर बारात लेकर पहुंच गया। गहने कम ले जाने पर लड़की के पिता ने शादी बारात को लौटा दिया तो मामला सामने आ गया। बताया जा रहा सामूहिक विवाह योजना के तहत हलिया ब्लॉक के जगधारी प्रसाद इंटर कॉलेज में 21 जनवरी 2025 को 117 जोड़े का शादी कराई गई थी. 117 में से 90 नंबर पर सोनगढ़ा गांव की रहने वाली साधना उर्फ गुड़िया और हलिया के रहने वाले सोनू की हुई थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के पहले वर वधू पक्ष में तय हुआ था कि इस शादी के बाद दोबारा शादी गांव से भी होगी बारात धूमधाम से लेकर आना होगा लेकिन दो जून को लड़की के घर बारात पहुंचा द्वार पूजा जयमाला के बाद मंडप में शादी शुरू हुआ तो लड़की के पिता ने कहा जो बात कही गई थी वह नहीं किया गया है गहने कम लाया गया है इसलिए शादी नहीं हो। लड़की के पिता कहते रहेंगे जितना समर्थ है उतना लेकर आया हूं, देर रात तक दोनों और उनके रिश्तेदारों के बीच पंचायत चलती रही मगर अंत तक लड़की के पिता शादी के लिए राजी नहीं हुए बारात वापस लौट गई।

उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। गरीब बेटियों के पिता के लिए वरदान साबित हो रहा है। मगर पैसे और गहने के लालच में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मजाक बनता चला जा रहा है। मिर्जापुर के हलिया ब्लॉक के सोनगढ़ा गांव के रहने वाले पप्पू कोल की लड़की की शादी हलिया बाजार के रहने वाले रघुनाथ कोल के लड़के से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत की गई थी फिर 4 महीने बाद घर पर बारात बुलाकर गहने कम होने पर बारात लौटा दी गई है।

पप्पू कोल के मुताबिक जो बात हुई थी वह पूरा नहीं किया इसलिए बारात वापस गई तो वहीं लड़के के पिता रघुनाथ कोल ने बताया कि गहने कम होने पर बारात लौट दिया है। दरअसल सामूहिक विवाह योजना के तहत मिर्जापुर जिले में 21 जनवरी को लालगंज पटेहरा छानबे और हलिया ब्लाक में 317 जोड़ों की शादी कराई गई थी जिसमें हलिया ब्लाक में 117 जोड़ो शादी हुई थी। इन जोड़ों को छानबे की विधायक रिंकी कोल जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ और नेता अधिकारी ने आशीर्वाद दी थी। बारात वापस लौट जाने और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से पहले की गई शादी को लेकर किसी ने जिले के अधिकारियों से शिकायत नहीं की है।

वाहन की चपेट में आने बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

जौनपुर। जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के नेवादा गांव के पास स्थित हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

जानकारी के अनुसार अभिषेक सिंह उम्र 38 वर्ष एवं अनिकेत सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी खेतासराय जो आपस में भाई हैं, बुधवार को वाराणसी से आवश्यक कार्य निपटाकर दो एक बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के नेवादा गांव के पास स्थित हाइवे पर किसी उक्त बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये, जिससे मौके पर ही अभिषेक सिंह की दर्दनाक मौत हो गयी तथा अनिकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची लाइन बाजार पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया, जबकि घायल अनिकेश को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया।

प्रधान प्रतिनिधि पर ग्रामीणों का आरोप

जौनपुर। विकासखंड धर्मापुर के ग्राम सभा राजेपुर गोपालपुर के ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि धर्मापुर से रेलवे क्रॉसिंग केशवपुर तक की सड़क बोल्डर उखाड़ कर गायब कर दिया गया और सड़क जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो गई है। ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया ऐसे में ग्रामीणों को आने-जाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ही युवा भाजपा नेता विकास सिंह का मानना है कि कुछ वर्ग विशेष को तरजीह देने के उद्देश्य से प्रधान प्रतिनिधि ने जो भी काम किया चाहे तालाब की मिट्टी के खुदाई का संदर्भ हो या फिर गांव में नाली खड़ंजा आदि की मरम्मत का उन्होंने चिन्हित कर करके अपने व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का काम किया है जिससे पूरे ग्राम सभा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के प्रति लोगों में रोष है। गांव की स्ट्रीट लाइट बिगड़ी हुई है समतलीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है किसान पंचायत भवन से लेकर विकासखंड कार्यालय तक परिक्रमा करते देखे हैं सफाई कर्मी बेलगाम है गांव में साफ सफाई की व्यवस्था छलावा मात्र है। भारतीय जननायक पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकार सतीश चंद्र शुक्ला सत्पथी ने पूरे प्रकरण की निंदा करते हुए कहा की यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है इस पर प्रधान प्रतिनिधि को विचारण करके समुचित निदान की दिशा में पहल करना चाहिए।

पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध एवं अपराधियों व वॉछित/ वारंटियों तथा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के व प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह थाना सरपतहां के पर्यवेक्षण एवं दिशा-निर्देशन में उपनिरीक्षक अरविन्द यादव मय हमराहियान के मु0सं0-138/98 धारा 323, 324, 325, 504, 506, 427 भादवि0 बनाम राजदेव से सम्बन्धित एक वारन्टी अभियुक्त सहतू राम यादव पुत्र रामधारी यादव निवासी भिवरहाकला थाना सरपतहां को चार जून को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत देवेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर श्री फूलचन्द पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक रवि प्रकाश (चौकी प्रभारी) व मय हमराह कांस्टेबल बिरजू कुमार होमगार्ड अजय कुमार द्वारा न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र रामबदन उर्फ मदन ग्राम गौरा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को उनके घर से को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है।

शातिर गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में चार जून को थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि उपनिरीक्षक रामचन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा एक अभियुक्त की गिरफ्तारी व एक नाजायज तमंचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 117/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम पिन्टू नोना पुत्र मेवालाल ग्राम बगथरी थाना गौराबादशाहपुर कराया गया है। बुधवार को उपनिरीक्षक रामचन्द्र सिंह मय हमराह कांस्टेबल पियूष यादव व अनिल चौहान के द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर बहद ग्राम असवारा से एक अभियुक्त पिन्टू नोना पुत्र मेवालाल ग्राम बगथरी थाना गौराबादशाहपुर के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर अभियुक्त को हिरासत पुलिस में एक तमंचा व कारतूस को कब्जा पुलिस में लेकर थाना स्थानीय पर लाकर अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त पिन्टू नोना पुत्र मेवालाल ग्राम बगथरी थाना गौराबादशाहपुर से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करतेहुए अपनी सफाई अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में देना बता रहे है।

सर्पमित्र मुरलीधर हौसला के स्वास्थ्य में आया सुधार

शुभचिन्तकों व परिजन के चेहरे पर छायी खुशी

जौनपुर। जनपद के नौपेड़वा निवासी सर्पमित्र मुरलीधर हौसला के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। हालांकि उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के लिये गुरुवार सुबह तक चिकित्सक की देख-रेख में रखा जायेगा। मुरलीधर हौसला आज सुबह वार्तालाप के दौरान बताया कि ईश्वर की कृपा एवं देश भर के समर्थकों के दुवाओं और वरिष्ठ चिकित्सक की देख-रेख का परिणाम है कि बड़ी घटना होने पर भी जान बच गयी।

बता दें कि बीते मंगलवार की सुबह रेस्क्यू के पूर्व कोबरा सांप से स्थानीय लोगों ने छेड़छाड़ की थी जिससे वह जाल में बुरी तरह फंस गया था। बहुत ही गुस्से में था। जरा सी असावधानी होने पर कोबरा सांप ने डस लिया था। हमारी चार पहिया वाहन मौके पर स्टार्ट नहीं हुई थी। स्थानीय लोगों के दो पहिया वाहन से 40 मिनट में निजी चिकित्सालय में पहुंचने पर चक्कर आने पर हम बेहोश हो गये थे। 24 घंटे बीतने के बाद 15 एंटीवेनम इंजेक्शन लगाने के बाद भी शरीर के दाहिने हाथ में सर्पदंश से काटे स्थान पर हाथ में सूजन के साथ सिरदर्द अभी भी होने लगा।

उन्होंने सोशल मीडिया से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हम बेजुबान जीवों को बचाते हैं। सांप को क्या पता कि हम बचाने आए हैं। मौका मिलते ही डस लिया। लोगों को सावधान सतर्क रहने की बात करते हुए कहा कि झाड़-फूंक के चक्कर में कदापि न पड़े। सांप के काटने पर तुरंत जिला चिकित्सालय या जहां एंटीवेनम इंजेक्शन मौजूद हो, मरीज़ को वहीं ले जायं। आज समय से पहुंचने पर हमारी जान बचाई गई है।

घायल वृद्ध ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

जौनपुर। पेड़ से टूटकर सिर पर गिरी डाल से जख्मी वृद्ध ने उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज गांव निवासी दिनेश गिरी उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र राजेंद्र गिरी मंगलवार देर शाम गांव के पास ही एक पेड़ के नीचे बैठे थे उसी समय तेज हवा से अचानक पेड़ से टूटी डाल उनके सिर पर गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाए जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान उनकी उनकी मौत हो गई।

पुलिस महकमे में फेरबदल, बदलापुर के थानेदार लाइन हाजिर

जौनपुर। जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर एसपी की सख्ती अब कार्रवाई के रूप में सामने आ रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लापरवाही बरतने वाले बदलापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले में तीन थानाध्यक्षों की तैनाती में बदलाव किया गया है। पुलिस महकमे में इस फेरबदल को प्रभावी कार्रवाई माना जा रहा है। नेवढ़िया थाने की कमान अब राजाराम द्विवेदी को सौंपी गई है। महराजगंज थाना प्रभारी अमित पांडेय बनाए गए हैं। बदलापुर की जिम्मेदारी अब अरविंद पांडेय को दी गई है। एसपी पीआरओ को भी नई जिम्मेदारी दी गई है, जिससे साफ है कि पूरे जिले में जिम्मेदारी तय करने और कार्यशैली में सुधार की कवायद तेज कर दी गई है। एसपी की सख्ती और त्वरित कार्रवाई से साफ है कि जिले में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस महकमे में यह फेरबदल आने वाले समय में और भी कड़े कदमों का संकेत माना जा रहा है।

त्योहार में खलल डालने वालों की खैर नहीं : रामाश्रय राय

शांति-समिति की बैठक लेते थानाध्यक्ष।

खेतासराय। ईद-उल-अजहा के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। बुधवार की देर शाम खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकला चौकी पर पुलिस ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात करने की बात कही। उन्होंने अराजक तत्वों को चेतावनी दी कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न करने और अपशिष्टों को नालियों में न बहाने की हिदायत दी। इस मौके पर मानेकला चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार राय भी उपस्थित रहे।

घूमता मिला बारहसिंघा हिरण, ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील स्थित सलारपुर जयरामपुर गावं में बारहसिंगा हिरण मिलने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। यह हिरण कहीं से भटककर जयरामपुर के अनुसूचित बस्ती में पहुंच गया था। अलग तरह के दिखने वाले हिरण को रात में देखकर कई लोग डरकर घरों में घुस गये। बाद में हिरण को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बताते हैं कि सलारपुर जयरामपुर गांव में अनुसूचित बस्ती में मंगलवार की रात एक बारहसिंघा हिरण कहीं से भटक कर बस्ती में इधर उधर घूम रहा था। कई लोग खतरनाक जानवर समझकर घरों में घुस गये। बस्ती के कुत्ते हिरण को घेरकर काटने की कोशिश करने लगे जिससे हिरण काफी घायल हो गया जो इधर-उधर उछल—कूद करके भागने लगा। जब लोगों को समझ में आया कि यह कोई खतरनाक जानवर नहीं है, बल्कि बारहसिंघा हिरण है तो कुत्तों से बचाते हुए उसे पकड़ लिया। इसके बाद ब्राह्मणों ने वन विभाग डीएफओ को सूचना दिया गया। इसके बाद रात भर हिरन ग्रामीणों की देख—रेख में गांव में रहा। बताते हैं कि वन विभाग से बुधवार की सुबह वीरेंद्र कुमार नामक युवक ने पहुंचकर डॉक्टर से उसका इलाज करवाया और उसे गाड़ी से मड़ियाहूं जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा था कि टोएटो में आंतरिक खराबी आने से खड़ी हो गयी। इसके बाद सूचना मीडियाकर्मियों को मिली कि एक हिरण को शिकार बनाने के लिए लिया जा रहा है जो रेलवे क्रॉसिंग के पास टोएटो गाड़ी में ढंक कर रखा गया है। मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों ने गाड़ी के पर्दे को हटाकर हिरण के वीडियो को बनाया और पूछताछ किया तो हिरण ले जाने वाला अपने आपको वन विभाग का कर्मचारी बताया। हिरण मिलने और वन विभाग को सौंपने की पुष्टि ग्राम प्रधान ने मीडियाकर्मियों से भी किया है।

पुलिस अभियान में तीन वांछित धराए

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निकट पर्यवेक्षण में थाना मछलीशहर पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में न्यायालय द्वारा निर्गत एनबी डब्ल्यू वारण्टी संतोष कुमार पुत्र सीताराम अरूण कुमार पुत्र सीताराम सम्बन्धित मु0न0 75/24 धारा 323/ 336/ 452/ 427/ 504/ 506/ 325 भादवि, आशीष कुमार पुत्र सियाराम शर्मा सम्बन्धित मुन 201/21 धारा 143/188 भादवि को समय करीब 05.30 बजे कारण गिरफ्तारी बताते हुए नियमानुसार घर से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में संतोष कुमार पुत्र सीताराम निवासी मारुफपुर थाना मछलीशहर, अरूण कुमार पुत्र सीताराम निवासी मारुफपुर थाना मछलीशहर, आशीष कुमार पुत्र सियाराम शर्मा निवासी कस्बा मछलीशहर शामिल है।

पाक्सो एक्ट से संबन्धित आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आतिश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर विनीत राय के नेतृत्व में निरीक्षक अपराध राजेश कुमार मिश्रा मय हमराह हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार द्वारा चार जून को थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 155/25 धारा 5एम/6 पाक्सो थाना मछलीशहर से संबंधित वांछित अभियुक्तगण पिन्टू उर्फ श्रवण कुमार पुत्र तीर्थराज पटेल निवासी नत्थूपुर घघरिया थाना मछलीशहर को रोडवेज से सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उच्चतम न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेश/निर्देशों का पालन किया गया है। तथा गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा जा रहा है।

साइबर अपराध से बचने के लिए तकनीकी ज्ञान और जागरूकता जरुरी : कुलपति

विश्वविद्यालय में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरुकता अभियान के तहत आयोजित बैठक में भाग लेती कुलपति समेत अन्य।

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को साइबर थाना एवं विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए तरह के साइबर क्राइम और उनसे बचाव पर साइबर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि आज साइबर अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहा है इससे बचने के लिए सभी को तकनीकी का सही ज्ञान और जागरूकता बहुत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी हमारी जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर हमें डरा धमका कर ठगी करते है। इस तरह के अपराधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि साइबर अपराधियों से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि धैर्य से काम करने की जरूरत है। पहले से आज की तुलना में जागरूकता बढ़ी है जिसके कारण साइबर अपराधी पकडे जा रहे है। उन्होंने कहा कि अधिकांश साइबर अपराधियों का अंतिम उद्देश्य वित्तीय फ्रॉड करना होता है। साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने विस्तार के विविध साइबर अपराधों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल अरेस्ट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है। पुलिस, जज, सीबीआई, आरबीआई के अफसर बनकर साइबर अपराधियों द्वारा बड़े लोगों को डराया और धमकाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मोबाइल पर पैसे की मांग करें या डराए तो उसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर थाने में जरूर करें। इसी क्रम में आलोक सिंह ने भी साइबर अपराध से बचने के उपाय बताये। साइबर क्राइम थाने के संग्राम यादव ने कहा कि साइबर अपराधी लालच देकर लोगों को फंसा रहे हैं इन्वेस्टमेंट फ्रॉड बहुत तेजी से बढ़ रहा है। एक साल में पैसा डबल करने का प्रलोभन अगर मिले तो सावधान रहें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों को गेमिंग एप से दूर रखें बहुत सारे साइबर अपराधी गेमिंग एप के माध्यम से फ्रॉड कर रहे हैं. उन्होंने लोन एप से हो रहा है फ्रॉड को भी बताया। कहा कि सावधानी के साथ बैंकों से लोन लेना चाहिए. विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डा. दिग्विजय सिंह राठौर ने नए तरीके के साइबर अपराधों के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार सिंह, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, बबीता सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरिधर मिश्र, डा. राज बहादुर यादव, डा. श्याम कन्हैया, डा. शशिकांत यादव, संजय सिंह, ऋचा सिंह, सुशील प्रजापति, साइबर थाने के सुगम यादव एवं आकांक्षा सिंह समेत अन्य अन्य लोग उपस्थित रहे।

बारात लेकर जा रहे दूल्हे की पिटाई, नाना-मामा सहित कई घायल

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बराई गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बारात की तैयारियों के बीच जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस झगड़े में बारात लेकर जा रहे दूल्हे की जमकर पिटाई हो गई। मारपीट में दूल्हे के नाना और मामा सहित परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए।

घटना मंगलवार शाम करीब पांच बजे की है। जानकारी के अनुसार एक तरफ घर में शादी की रौनक थी और बारात निकलने की तैयारियां अंतिम चरण में थीं, तभी पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस मारपीट में दूल्हा समेत कई लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष के कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। घटना के बाद तनावपूर्ण माहौल में रात करीब 9 बजे बगल के गांव डौणी में बारात ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस की निगरानी में बारात रवाना हुई।

एफआईआर दर्ज कराने के बाद युवक की फिर पिटाई

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में कानून को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों ने पुलिस और कानून व्यवस्था को खुली चुनौती दे डाली। जलालुद्दीनपुर गांव निवासी करन मौर्य ने आरोप लगाया है कि बारात में हुए मोबाइल चोरी की सूचना देने पर दबंगों ने पहले तो उन्हें घर से अगवा कर कुछ दूर लेजाकर बुरी तरह पीटा, और फिर एफआईआर दर्ज कराने के बाद लौटते वक्त दोबारा हमला कर दिया।

इस बार लाठी-डंडे और तलवार से लैस होकर उन्होंने न सिर्फ करन को बल्कि उसके भाई को भी पीट डाला, जिससे भाई का सिर फट गया। मामला मंगलवार की रात का है। करन मौर्य ने बारात में मोबाइल चोरी करने वाले की सूचना मोबाइल पर किसी को दी थी। आरोप है कि यह बात दबंगों को नागवार गुजरी और वे करन को घर से उठा ले गए और सुनसान जगह ले जाकर मारापीटा। जैसे ही दबंगों को पता चला कि करन थाने पर मुकदमा दर्ज कराने गया है, वे लोग गोल बनाकर रास्ते में उसका इंतजार करने लगे। रात लगभग नौ बजे जब करन अपने भाई के साथ थाने से लौट रहा था, तभी दबंगों ने रास्ते में घेरकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया।

हमले में करन के भाई का सिर फट गया। आरोप है कि दबंगों ने तलवार लहराते हुए धमकी दी कि अगर अब मुकदमा की गई तो गर्दन उड़ जाएगी। पीड़ित करन मौर्य ने जलालपुर थाने में चार नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्र में दबंगों का आतंक इन दिनों चरम पर है। एक ही रात में कई गांवों से मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। कहीं दूल्हा और उसके परिजन को पीटा गया, तो कहीं महिलाओं को निशाना बनाया गया।

होटलों पर छापेमारी से हड़कंप

जौनपुर। नगर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को शहर के कई होटलों में अचानक छापेमारी कर दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान होटलों में ठहरे कई युवक-युवतियों से पूछताछ की गई। पुलिस की यह छापेमारी लंबे समय से मिल रही शिकायतों और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर की गई। एक साथ कई होटलों पर हुई इस कार्रवाई से होटल संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान कुछ संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि भी हुई है, हालांकि पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। छापेमारी की यह कार्रवाई काफी देर तक चलती रही।

बीना जोखिम उठाए नहीं मिलती बड़ी कामयाबी

बरैछामोड़। किसी बड़ी कामयाबी को हासिल करने में किसी न किसी प्रकार का जोखिम उठाना ही पड़ता है जो ऑपरेशन सिंदूर के पीछे छिपा होने का समाचार है। विवरण के अनुसार जिस तरह से पहलगाम में आतंकियों द्वारा 22 अप्रैल को 16 निहत्थे टूरिस्ट को मौत के घाट उतार दिया था जिसकी आतंकियों पर सिंदूर नामक ऑपरेशन केंद्र सरकार द्वारा किया गया।

वह रात 6, 7, मई कि पाकिस्तान के लिए कॉली रात साबित हुई क्योंकि 6, 7 की रात सिंदूर ऑपरेशन के आगाज में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के पास नौ आतंकी शिविरों को भारतीय सेना द्वारा ध्वस्त कर दिया था। जिसकी कार्यवाही में पाकिस्तान द्वारा बदले की भावना से कार्यवाही शुरू की जिसका भारतीय सेना द्वारा जवाब देते हुए पाकिस्तान की कई एयरवेज स्टेशन को नुकसान पहुंचा जिसमें भारतीय सेना को भी नुकसान उठाना पड़ा जिसका जिक्र भारतीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा किया गया। जिसको लेकर के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा बताया गया कि सुखोई जैसे विमान को गिरना इस बात का द्योतक नहीं है, बल्कि हमसे कहां चूक हुई जिससे यह परिणाम मिला इस बात पर हमें केंद्रित करना है यह प्रश्न विपक्ष द्वारा उस समय पर उठाया गया, क्योंकि उस वक्त सारा देश राष्ट्र हित में जुटा था यही विपक्ष के लिए समय आने पर गले की फांस बन सकती है और बड़ी कामयाबी हासिल करने में थोड़ा बहुत नुकसान उठाना ही पड़ता है जिसको सभी लोग जानते हैं विपक्ष को याद होना चाहिए कि पाकिस्तान द्वारा पाक व चीन द्वारा हड़पी जमीन किस कामयाबी की श्रेणी में देख रही है यह सभी उन्हीं के कार्यकाल में हुआ था।

आज 53 दिव्यांगों को बांटी जाएगी ट्राई साइकिल

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वे जन्मदिन पर राजपूत सेवा समिति द्वारा पौधरोपण व दिव्यांगों में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष में पांच जून को प्रात: 7:30 बजे तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज परिसर के तालाब के चारो तरफ लगभग 200 फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा उसके बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 53 दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया गया था।

पुलिस ने अलग-अलग थानों से 21 लोगों का किया शांतिभंग में चालान

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, आयुष श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज, अजीत सिंह चौहान के निर्देशन व निकट पर्यवेक्षण मे थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा चार जून को थाना क्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों से शान्ति भंग के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में कुल छह नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सूरज यादव पुत्र रमाशंकर निवासी डोमनपुर थाना शाहगंज, दिव्यांश यादव पुत्र राजकेसर निवासी डोमनपुर थाना शाहगंज, चुन्नु उर्फ जयप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व0 अच्छेलाल निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज, सूरज कुमार गुप्ता पुत्र जयप्रकाश गुप्ता निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज, रामचन्द्र गुप्ता पुत्र रामपलट गुप्ता निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज, जोगीन्दर गुप्ता पुत्र रामचन्द्र गुप्ता निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज आदि शामिल है।

इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर/केराकत देवेश सिंह के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष फूलचन्द पाण्डेय के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक अरविन्द यादव थाना हाजा से प्रस्थान कर पर प्रथम पक्ष के दुधनाथ पुत्र कल्पू निवासी पवनी हसनपुर थाना गौराबादशाहपुर व द्वितीय पक्ष के रामअशिष पुत्र राजदेव निवासी पवनी हसनपुर थाना गौराबादशाहपुर के मध्य जमीन को लेकर विवाद था आमादा फौजदारी हो जा रहा था बार बार समाझाने पर भी समझने को तैयार नहीं थे, शान्ति व्यवस्था का और कोई उपाय न पाकर कारण गिरफ्तारी बताते हुये रामआशीष पुत्र राजदेव निवासी पवनी हसनपुर थाना गौराबादशाहपुर सतीश गौंड पुत्र सुबास गौड़ निवासी बारी थाना गौराबादशाहपुर को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे पुलिस हिरासत मे लिया गया। इसकी सूचना उनके परिज को दी गयी इनसे भविष्य में भी शान्ति भंग की प्रबल सम्भवना है अत: इनका चालान अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस जरिये रिपोर्ट चालानी न्यायालय किया गया।

एक अन्य समाचार के अनुसार क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक के मार्गदर्शन मे थाना रामपुर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कुल 13 अभि0गण को भिन्न भिन्न स्थानो से अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में हिरासत पुलिस में लेकर चालान संबंधित न्यायालय किया गया। काजू गौतम पुत्र रामजीत गौतम निवासी ग्राम आशानन्दपुर थाना रामपुर, संदीप कुमार प्रजापति पुत्र मेवालाल प्रजापति निवासी ग्राम दुबेपुर थाना रामपुर, राजमनि पटेल पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, श्याम कुमारी पत्नी प्रेमशंकर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, अमित कुमार पटेल पुत्र मुरलीधर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, नन्हेलाल पटेल पुत्र गिरजाशंकर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, शिवसाहब पुत्र उमाशंकर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर जनपद जौनपुर 8.अमरावती पत्नी मुरलीधर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, विद्या देवी पत्नी सभाजीत पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, सुनीता देवी पत्नी बंशीधर पटेल ग्राम सेहरा थाना रामपुर, विकाश पटेल पुत्र जोगेन्द्र पटेल ग्राम चकबदौली थाना बरसठी, जनार्दन पटेल पुत्र स्व0 अनन्तू पटेल ग्राम चकबदौली थाना बरसठी, रामकेदार पटेल पुत्र स्व0 अनन्तू पटेल ग्राम चकबदौली थाना बरसठी बताए गए।

लड़की भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तेजीबाजार। स्थानीय थाने की पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक बीते 19 अप्रैल 2024 को थाना मीरगंज के ग्राम भिदून निवासी मनीष सरोज उर्फ अलगु पुत्र शीत सरोज थाना तेजीबाजार क्षेत्र के राजेपुर गांव से एक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था, प्रशासन द्वारा इसके संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। तेजीबाजार पुलिस द्वारा उक्त मुकदमें में वांछित अभियुक्त मनीष उर्फ अलगु पुत्र शीत सरोज ग्राम भिदूना थाना मीरगंज को बरईपार चौराहे के पास से हिरासत में ले लिया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया मै परदेश में रहता हूं, वही पर नौकरी करता हूं, अभियुक्त मनीष उपरोक्त अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपनी सफाई मा0 न्यायालय मे देना बता रहा है।

वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में चार जून को थाना जलालपुर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि दो जून को वादिनी मुकदमा की पुत्री जो घर से बिना बताये कही चली है । काफी तलाश करने पर कुछ पता नही चला है। वादिनी मुकदमा की लड़की को राहुल निषाद अज्ञात निवासी उतरगावा थाना द्वारा मोबाइल दिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

मेडिकल कालेज में मोतियाबिंद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेते चिकत्सकगण।

जौनपुर। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर की प्राचार्या प्रो0 डा0 रूचिरा सेठी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 डा0 ए0ए0जाफरी के दिशा निर्देश में नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 चन्द्रभान द्वारा बुधवार को मोतियाबिंद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज की प्राचार्या प्रो0 डा0 रुचिरा सेठी रही। उन्होने अपने उद्बोधन में बताया कि यह माह रविवार से 30 जून, 2025 तक हमें मोतियाबिंद जागरूकता के तौर पर मनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित मरीजो एवं उनके तीमारदार को बताया कि मोतियाबिन्द का आपरेशन बहुत लम्बा नहीं होता है। आपको अपने परिवार में एवं आस-पास के लोगों को जागरूक करने की आवश्यता है कि समय-समय पर आँख की जाँच कराते रहें, जिससे यदि किसी को भी मोतियाबिन्द की समस्या है तो उसका समय से उपचार किया जा सके। किसी लम्बी बीमारी या मधुमेय से पीड़ित व्यक्ति को मोतिया बिन्द की समस्या जल्द हो जाती है। मेडिकल कालेज में जाँच की सुविधा पूर्ण रूप से उपलब्ध है। जल्द ही कालेज के चिकित्सक ऑपरेशन की प्रक्रिया की तरफ बढ़ जायेंगे और यह सुविधा भी आपको जल्द ही मिलने वाली है। नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 चन्द्रभान ने मोतियाबिन्द से बचाव के विभिन्न सुझाव दिये।

नियमित नेत्र जांच कराएं- उम्र बढ़ने के साथ-साथ हर 6 माह-1 साल में आंखों की जांच कराना जरूरी है ताकि शुरूआती अवस्था में मोतियाबिंद की पहचान हो सके। (2) धूप से आंखों को बचाएं तेज धूप में ङ्क किरणें आंखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बाहर जाते समय धूप का चष्मा (ङ्क प्रोटेक्शन वाला) पहनें। धूम्रपान और शराब से बचें- ये आदते मोतियाबिन्द के खतरे को कई गुना बढ़ा देती हैं। (4) ब्लड शुगर और बीपी नियंत्रित रखें डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से मोतियाबिंद जल्दी हो सकता है। नियमित जांच करवाएं। स्वस्थ आहार लें- हरी पत्तेदार सब्जियां गाजर, संतरा, आँवला, नट्स और विटामिन,, ष्ट और श्व युक्त आहार आंखों के लिए लाभकारी होते हैं। तथा उन्होनें मातियाबिंद के के उपचार के बारे में बताया प्रारंभिक अवस्था में नजर कमजोर होने पर चश्में की सहायता ली जा सकती है। अच्छी रोशनी में पढ़ने-लिखने की सलाह दी जाती है। (2) अग्रिम अवस्था में- जब मोतियाबिंद से दृष्टि धुंधली हो जाए और दैनिक कार्यों में बाधा आने लगे, तब सर्जरी (फेको इमल्सिफिकेशन) में टांके नहीं लगते और रोगी कुछ ही दिनों में सामान्य जीवन जी सकता है। ध्यान रखें: मोतियाबिंद का समय पर इलाज न करने पर स्थायी अंधापन हो सकता है। इसका कोई घरेलू इलाज या दवा से स्थायी समाधान नहीं है केवल सर्जरी ही कारगर है।

सहायक आचार्य, डा0 सी0बी0एस0 कर्नल पटेल ने बताया कि मोतियाबिंद एक ऐसी बीमारी है जिसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन जागरूकता, समय पर जांच और उचित इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है इलिए, हमें खुद भी जागरूक रहना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डा0 विनोद कुमार ने बताया कि मातियाबिंद को लेकर सही जानकारी फैलाना, ग्रामीण इलाकों में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करना और बुजुर्ग को नियमित जांच के लिए प्रेरित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सहायक आचार्य, डा0 अलिशा अंजुम ने मोतियाबिंद के बिभिन्न लक्षणों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मरीजो एवं उनके तीमारदार को दिखाकर विस्तृत जानकरी दी एवं उसके बचाव तथा उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 शादाब द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित समस्त का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षक डा. जितेन्द्र, डा. सरिता पाण्डेय, डा. राजश्री यादव, डा. अरविन्द पटेल, डा. बृजेश, डा. अभिषेक, डा. पंकज, डा. जयसूर्या, डा. अजय, डा. दिनेश, डा. रेनू, डा. स्वाती, डा. हीरा स्माइल, डा. रिनु कोहली एवं नर्सिंग आफिसर तथा मरीज व उनके तीमारदार व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

तरुणमित्र

गुरूवार, 05 जून 2025

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 10

पाक का दूसरा नाम आतंकवाद

पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है। सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है।

इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है। ये आतंकी भारत में अस्थिरता और आतंकवाद फैलाने की कोशिशों का समर्थन ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट में इनका हाथ था। शुरू से यह अंदेशा जताया जा रहा था कि शेख हसीना सरकार के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतें थीं और अब यह साबित हो रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ढाका में कट्टरपंथियों को मजबूती मिलने से 1971 की उसकी हार का बदला पूरा हो जाएगा। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। वहां की स्टेट पॉलिसी में आतंकियों के दखल और असर को देखते हुए वैश्विक बिरादरी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। FATF की इस महीने होने वाली बैठक में भारत यह मुद्दा उठा सकता है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। दूसरे देशों को भी भारत का साथ देना चाहिए क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा है।

...आज का दिन...

मेष- दिन शुभ, आकस्मिक लाभ का सुयोग, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, बुद्धि का विकास, व्यक्तिगत समस्याओं में कमी, व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूलता।

वृषभ- व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कार्य क्षमता में वृद्धि।

मिथुन- किसी योजना को लेकर परेशान, शारीरिक मानसिक कष्ट, वैवाहिक अड़चनें, उत्पन्न, मित्रों-परिजनों से तनाव की स्थिति, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शत्रु परास्त, नौकरी में प्रोन्नति, मनोबल में वृद्धि।

सिंह- प्रगति का सुयोग, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, पारस्परिक सम्बन्धों में अनुकूलता।

कन्या- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, नवसम्पर्क, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, संभावित यात्रा संतोषजनक।

तुला- व्यावसायिक चिन्ता, पारिवारिक उत्तरदायित्व को निभाने हेतु व्यय, प्रियजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, मेल-मिलाप में अरुचि, बौद्धिक क्षमता में कमी का अहसास।

वृश्चिक- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

धनु- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, अधूरे कार्य बनने की ओर, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

मकर- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख के साधन सुलभ, परिवार में खुशी।

कुम्भ- कार्यों के प्रति असंतोष, व्यावसायिक हानि, परेशानियों के कारण स्वयं की प्रतिभा कुंठित, आपसी तालमेल का अभाव, जीवन साथी से मतभेद, धन लाभ में कमी।

मीन- दिनमान अनुकूल, प्रियजनों के माध्यम से कार्यसिद्धि, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तित्व का विकास, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, संत-समागम।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

अपनी प्राचीन ज्ञान परम्परा से ही पर्यावरण का संरक्षण करें

हमारे यहां कहा जाता है कि पेड़ जितना बड़ा होता है उसकी जड़ें उतनी ही गहरी होती हैं, ठीक यही बात भारत के परिप्रेक्ष्य में भी है, भारतीयता और भारतीय संस्कृति की जड़े इतनी नीचे गहराई तक हैं कि वे संपूर्ण विश्व के पोषण हेतु समर्थ है, लेकिन जिस प्रकार बरगद की शाखाओं में वृद्धि होती रहती है, वैसे ही वैश्वीकरण की तरफ भारत भी बढ़ा और आधुनिकता को स्वीकार करता चला जा रहा है, और यह वैसे ही है, जैसे जिस डाल पर व्यक्ति बैठा हो और उसी को काट रहा हो, यही बात पर्यावरण और उसके संरक्षण के संदर्भ में भी लागू हो रही है।

यह वही भारत है जहां कहा गया है" माताभूमिपुत्रोअहंपृथ्वीयाम(अथर्वेद12/1/12) अर्थात पृथ्वी हमारी माता है,हम उसके पुत्र हैं, श्री मद्भगवगीता पुरूष-प्रकृति की चर्चा है और प्रकृति को 'गर्भस्था' अर्थात सबकी उत्पत्ति कारिणी माना गया है। हमारे शास्त्रों में इस सम्पूर्ण जीवन तंत्र का निर्माण पंच-महाभूत की अवधारणा से है, जिसे हम पारस्थितिकी कहते हैं, इसके ब्रह्मांडीय तत्व पृथ्वी, जल,अग्नि, वायु, आकाश हैं इनकी रक्षा करना हमारा मूल धर्म है। हमारे शास्त्रों में, उपनिषदों में विशेष कर 'ईशावास्योपनिषद' में कहा गया है आपकी आवश्यकता भर ही आपका अधिकार है, खाने के लिए जीना महापाप बताया गया है जीने के लिए खाने की बात ही श्रेयस्कर है। कर्म, त्याग, अहिंसा, सत्य, संतुलन, समदर्शी भावना ही श्रीमद्भगवगीता का मूल है,जो जीवन जीने की उत्कृष्ट राह है। हमारे कर्म कांड का शान्तिमन्त्र, पृथ्वी, जल आकाश, बनस्पति सबमें शांति अर्थात यथोचित रहने के संकल्प की बात करता है।भारत की संस्कृति में ऋषि और कृषि दो ही प्रधान व्यवस्था थी, ऋषि मानवोचित कार्य के लिए और कृषि धारणीय विकास के साथ जीवन यापन हेतु थी, परन्तु जब हमारी पिपासा बढ़ी हमने अपनी कल्प-कल्पान्त की परम्पराओं को स्वयं छिन्न भिन्न करना शुरू कर दिया,परिणाम स्वरूप प्राकृतिक आपदाओं के क्रूर तांडव हमारे सामने है, जैव विविधता का छरण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग सब कुछ दंश हमारे अपने बनाये हुए हैं जिसमे हम स्वयं उलझ गए हैं। काप 29 सम्मेलन, जलवायु सम्मेलन, ब्रिक्स सम्मेलन, एजेंडा 21 आदि सब निष्क्रिय से हो गए हैं। इन सबमे, आज अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे प्रयासों पर घोर कटौती कर मानो विश्व को ही बर्बादी की राह फेंक दिया है।

हम दुनिया के 2.4 प्रतिशत क्षेत्रफल में 18 प्रतिशत आबादी वाले देश हैं, हमें स्वयं इस पर आगे आना होगा, हमारे यहां 1850 तक आधा बन अर्थात 'आधी खेती आधी बारी' थी आज बन मात्र 19 प्रतिशत रह गए है। आज हमारी उपभोग पिपासा लाखों गुनी बढ़ गयी है, वैभव, विलास के विविध पक्षों ने प्रकृति के ताने बाने को नष्ट कर दिया है, हम जंगल काट रहे हैं। नदियों में कचरा डाल रहे है, श्रृंगार और जीभ के स्वाद हेतु विविध प्रजातियों के जीवों को मार रहे हैं, रोज पृथ्वी का सीना चीरकर अंधाधुंध पानी, और खनिज निकाल रहे है, कभी नही सोचते हमारी अगली पीढ़ी का क्या होगा, हम उनके लिए कौन सी विरासत छोड़ रहे है। पर्यावरण संरक्षण कानून 1986 और उसके बाद से बहुत से कानून और योजनाएं आयी पर मानव मन न तो शांत हुआ और न उसकी हवस पर अंकुश ही लगा वह वैध से अवैध की तरफ भी जाकर अपनी अतृप्त आवश्यक ताओं को पूरा करने में लगा ही हुआ है।

इसका समाधान अन्यत्र नही, हमारी अपनी ज्ञान परम्परा में ही है, यह वही ज्ञान परम्परा है जहां पृथ्वी माता, बनस्पति, जल,अग्नि, वायु आदि देवता है, नदियों को माता माना जाता है।

"दश कूपो समो वापीन्दश वापी समो ह्रद:।
दश ह्रद:समो पुत्र: दश पुत्रो सम: द्रुम:।।

अर्थात एक वृक्ष दश पुत्र समान है,गीता में भगवान कृष्ण कहते है मैं ही पीपल हूँ,वो बन में लगी दावाग्नि को बुझाने हेतु आग का पान करते हैं,जल शोधन हेतु विषपान करते हैं। यह वही भारत है जहां सम्राट अशोक द्वारा पहला वन्य जीव संरक्षण कानून बनाया गया था। जहां व्याध द्वारा मात्र एक क्रौंच पक्षी को मारने पर दुनिया का सबसे बड़ा काव्यग्रन्थ 'रामायण' लिख दिया गया। लंका विजय, समुद्र सेतु निर्माण जैसी बड़ी-बड़ी परियोजनायें स्वदेशी सहारे ही पूरी की गई। प्रदूषण रहित सभ्यता के हम जनक रहे हैं। यहां जल कलश में देवताओं का वास माना जाता है। हमारी वृक्ष,नदी, पर्वत पूजा सभी पर्यावरण संरक्षण हेतु थी। आइए हम समावेशी और धारणीय विकास की भारत की उस परम्परा का पालन करें जो महात्मा विदुर ने महाभारत में कहा है- "यथा मधु समादत्ते रक्षणपुष्पाणि षट पद:"

अर्थात जिस प्रकार भौरा पुष्पों का रस लेकर मधु प्राप्त कर लेता है, जिसमें पुष्प की छति भी नही होती है और भौंरे को मधु भी मिल जाती है,ठीक उसी प्रकार हमें भी अपनी प्रकृति से उतना ही प्राप्त करना चाहिए जितने से जरूरत पूरी हो जाए और प्रकृति की छति भी न, हो। आखिर कार यह दुनिया व्यक्ति की आवश्यकता की ही पूर्ति हेतु बनी है लालच के लिए नहीं।

प्रकृति की सुरक्षा प्रकृति की असली पूजा

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इस उद्देश्य से जिसकी वजह से पूरे विश्व में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है इस प्रकार प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचना पर्यावरण के लिए खतरा है। प्लास्टिक प्रदूषण प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का जमीन या जल में इकठ्ठा होना है। भारत मे 30त्नप्लास्टिक कचरे का निस्तारण होता है जबकि 34 लाख टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष निकलता है। जंतुओं व मानव जीवन पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है,पर्यावरण हमें प्रकृति द्वारा मिला अमूल्य उपहार है परिऔर आवरण दोनों को मिलाकर पर्यावरण बना है। पर्यावरण के बिना धरती पर जीवन का अस्तित्व ही नहीं है, मनुष्य के स्वस्थ जीवन में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है पर्यावरण एकमात्र आवास है जो मनुष्य के पास है और यह हवा भोजन और अन्यआवश्यकताएं प्रदान करता है। पर्यावरण वायु व जलवायुको विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व इस धरती पर रहने वाले सभी जीवित व अजीवित चीजे पर्यावरण के अंतर्गत आती हैं। पर्यावरण में ये चाहे जहां मौजूद हो यह पर्यावरण के हिस्सा होते हैं। पर्यावरण में हवा, पानी, सूर्य की रोशनी पौधे, जीव जंतु सभी शामिल हैं। पृथ्वी हमारे सौर परिवार का एकमात्र ग्रह है जिस पर जीवन पाया जाता है। पर्यावरण जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पर्यावरण में जीवित जीवो को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखता है जो पृथ्वी पर जीवन को बचाए रखता है। इसके अलावा मनुष्य का संपूर्ण जीवन पर्यावरणीय कारकों पर पूरी तरह निर्भर करता है। पृथ्वी पर विभिन्न जीवन चक्रो को बनाए रखने में भी मदद करता है।

पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति" प्रकृति में प्लास्टिक प्रदूषण पर समाधान पर चर्चा व उपाय मुख्यबिन्दु होगा। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी कोरिया गणराज्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम में इसका अहम दिन होगा। मानवता की संपूर्ण जीवन समर्थन प्रणाली पृथ्वी पर रहने वाली सभी प्रजातियों की भलाई पर निर्भर करती है इसे आमतौर पर बायोस्फियर कहा जाता है। बायोस्फीयर एक वैश्विक पारिस्थितिक तंत्र को संदर्भित करता है। पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर वर्षावन, महासागर, रेगिस्तान, और टुंड्रा जैसे छोटे पारिस्थितिक तंत्र हैं। पारिस्थितिकी तंत्र सजीव व निर्जीव भागों से बना होता है चाहे वह स्थलीय हो या जलीय हो। निर्जीव भाग से जल वायु और पोषक तत्व है। जीवितततत्वपौधे जानवर, सूक्ष्म जीव व मनुष्य हैं। विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां जो सीधे पर्यावरणीय आपदाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं जिसके कारण अम्ल वर्षा, महासागरों का अम्लीकरण,जलवायु में परिवर्तन ओजोन परत का ह्रास, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि समस्याएं हैं दीर्घकालिक परिणामों को समझे बिना लोग लगातार ऐसे तकनीकी का उपयोग कर रहे हैं जो हमारी प्रकृति पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। पेड़ों की कमी, बढ़ते प्रदूषण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग के कारण विभिन्न जानवर विलुप्त होने के कगार पर है। गांव से शहरी क्षेत्रों में प्रवास करने वाले पक्षी हानिकारक तरंगों के कारण विलुप्त प्राय हो गए हैं। वृक्ष ही भूमि की उर्वरता से लेकर कृषिकार्य को सफल बनाने में अपना उल्लेखनीय योगदान देते हैं। इनके साथ जहां बंजर भूमि उपजाऊ हो जाती है तो वही रेगिस्तान के प्रसार पर नियंत्रण हो जाता है। और भूमि के जलस्तर में भी वृद्धि होती है। इसके साथ ही बृक्षों से उपलब्ध फल फूल, आहार एवं औषधियां जीवन का आधार है। इंसान ही नहीं हर प्राणी इनसे पोषण पाता है मानव को जहां इनसे नाना प्रकार के फल एवं जीवनदायिनी औषधियां मिलती हैं वही प्रकृति की गोद में विचरण कर रहे जीव जंतु पूर्णतया इन्हीं पर निर्भर होते हैं इसलिए इनके आश्रय में रहकर जीवन यापन करते हैं। बिना बृक्षों के प्रकृति की इस आश्रय दाई व्यवस्था की कल्पना भी नहीं की जा सकती जहां वनों का बेतहाशा कटाव हो रहा है। प्रकृति का निर्बाध रूप से दोहन और शोषण हो रहा है। अधिकाधिक वृक्षों के रोपण और वनों के संरक्षण के आधार पर ही मानव सभ्यता को इस त्रासदी से बचाया जा सकता है। हमें अपने पूर्वजों से यह धरती विरासत में नहीं मिली है हमने इसे अपने बच्चों से उधार लिया है आज जब हम प्रकृति और देखते हैं तो लगता है कि यह कह रही हो कि मुझे इस प्रकार ने इस्तेमाल करो कि आने वाले समय में मैं प्राणियों को जीवन देने में असमर्थ हो जाऊं। प्राकृतिक वातावरण द्वारा प्रदान किए गए उपहार मानव जाति के साथ-साथ अन्य जीवो के लिए भी आनंदित है वायु, सूर्य के प्रकाश, जीवाश्म, ईंधन आदि सहित ये प्राकृतिक संसाधन इतने महत्वपूर्ण है कि इनके बिना जीवन कभी संभव नहीं हो सकता।

हालांकि बड़ी आबादी द्वारा भौतिक वस्तुओं के लालच में वृद्धि के साथ इन संसाधनों का उपयोग और उनकी सीमाओं से परे दुरुपयोग किया जा रहा है यह आर्थिक विकास की बजाय मानव स्वास्थ्य के लिए अधिक खतरनाक साबित हो सकता है। समय आ गया है कि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो प्रदूषण के विरोध में आवाज भी उठाई जाए, इस अभियान में सक्रिय रूप से सबको भाग लेना चाहिए, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए, जितने भी जल संसाधन हैं उन्हें स्वच्छ रखना चाहिए प्लास्टिक जैसे वस्तुओं को जल में प्रवाहित न किया जाए, प्लास्टिक की जगह मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देना चाहिए, अवांछित प्रदूषण को फैलाने पर रोक लगानी चाहिए और वर्षा जल संचयन के अभियान को बढ़ावा भी देना बहुत ही आवश्यक है, इन सब के प्रति लोगों में जागरूकता लानी होगी तभी हम स्वच्छ पर्यावरण में स्वस्थ जीवन बिता सकेंगे। मानव जीवन पंचतत्वों से बना है इन पंच तत्वों के नियमों को मानते हुए यदि उसके गुणों को अपनाएंगे तो अवश्य ही पर्यावरण के संरक्षक हम कहलायेंगे, अन्यथा प्रकृति के कोप का भाजन हम सबको बनना पड़ेगा।

डॉ. सन्तोष कुमार तिवारी वरिष्ठ शिक्षक "विज्ञान" जौनपुर उत्तर प्रदेश"

चंदौली

कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बिजली निजीकरण को बताया जनविरोधी, आंदोलन की दी चेतावनी

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। बिजली क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए मंगलवार को ऑल इंडिया किसान महासभा के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कहा कि निजीकरण से सबसे अधिक नुकसान अन्नदाताओं को होगा।

ज्ञापन में कहा गया कि बिजली के निजीकरण से वितरण प्रणाली कारपोरेट घरानों के हाथ में चली जाएगी, जिससे किसानों का शोषण बढ़ेगा और उन्हें महंगे दरों पर बिजली खरीदनी पड़ेगी।

इससे न केवल कृषि लागत में वृद्धि होगी, बल्कि बिजली की उपलब्धता और गुणवत्ता पर भी संकट आएगा। किसान नेताओं ने दावा किया कि सरकार की सब्सिडी प्रणाली निजी कंपनियों के आने के बाद खत्म हो जाएगी, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी।

महासभा के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निजीकरण की प्रक्रिया पर तुरंत रोक नहीं लगाई, तो मजबूरन किसानों को सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। इस दौरान किसान नेता दीनानाथ श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, शेषनाथ यादव, श्रवण कुशवाहा, पिंटू पाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान 'निजीकरण वापस लो', 'किसान विरोधी नीति बंद करो' जैसे नारे गूंजते रहे। संगठन ने इसे सिर्फ किसानों नहीं, बल्कि आम जनता की लड़ाई बताया।

दुकानदार को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज बाजार में एक बक्सा दुकानदार को धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक अन्नू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ दुकानदार फिरोज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है, और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि सेवड़ी गांव निवासी अन्नू पांडेय सोमवार शाम शराब के नशे में असलहा लहराते हुए मोहरगंज बाजार पहुंचा। यहां उसने एक कम्पोजिट शराब की दुकान के बगल में स्थित बक्सा दुकान पर बोतल पटककर तोड़ दी।

दुकानदार फिरोज द्वारा आपत्ति जताने पर अन्नू ने असलहा लहराकर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता

दिखाते हुए देर रात अन्नू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया।

बलुआ थाना प्रभारी डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है। दुकानदार फिरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अन्नू पांडेय ने दुकान पर आकर जान से मारने की धमकी देकर डराने का प्रयास किया।

शराब के साथ चार महिला समेत पांच तस्कर गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जनपद के रास्ते बिहार भेजने राज्य में शराब तस्करी बदस्तूर जारी है। आये दिन जिले की पुलिस द्वारा शराब तस्करों को गिरफ्तार किया जाता है, बावजूद इसके शराब तस्करी की वारदातों में कोई भी कमी देखने को नही मिल रही। नई बात यह है कि शराब तस्करी में अब महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। ताजा मामला जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र से है जहां पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार महिलाओं समेत कुल 5 अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। फिलहाल पुलिस, आगे की कार्रवाई में जुटी है। दरसअल एसपी आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद मे शराब तस्करी व मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश के क्रम में अलीनगर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस को शराब तस्करी से संबंधित इनपुट मिली। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए गोधना अण्डर पास के पास से चार महिला समेत कुल 5 अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से 7 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 2 पेटी बियर बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के बाबत जानकारी देते हुए

पुलिस द्वारा बताया गया कि गिरफ़्तार अभियुक्ता व अभियुक्त का नाम क्रमशः रवि, सूर्यमुनी देवी, परमीला देवी, कुसुम देवी और मीना देवी है। सभी, बिहार के रहने वाले है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अभियुक्त व अभियुक्ता ने बताया कि वे अलीपुर व मुगलसराय के आस-पास के ठेकों से पहले शराब खरीदते है। बाद में उसे बिहार ले जाकर उंचे दाम में बेच देते है, जिससे उन्हें अच्छा-खासा मुनाफा मिल जाता है। पुलिस ने बताया सभी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

यात्रियों और रेलकर्मियों को जल बचत के प्रति किया गया जागरूक

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। भारतीय रेलवे के डीडीयू मंडल में 22 मई से 5 जून 2025 तक प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें। विषय पर आधारित विश्व पर्यावरण दिवस 2025 अभियान के तहत चल रही गतिविधियों की श्रृंखला में जल संरक्षण को केंद्र में रखकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर जल उपयोग के बिंदुओं जैसे नलों, वाटर बूथ, प्लेटफॉर्म रिफिल पॉइंट और कोच वाशिंग क्षेत्रों में जल के उपयोग की समीक्षा की गई तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय किए गए। वर्षा जल संचयन सुविधाओं की भी क्रियाशीलता का अवलोकन किया गया। प्लास्टिक प्रदुषण रोकने के साथ रेलकर्मियों को जल संरक्षण के व्यवहारिक उपायों के प्रति संवेदनशील किया गया। यात्रियों को

विभिन्न माध्यम से अपनी पानी की बोतल साथ लाने, बोतल दोबारा भरने और जल व्यर्थ न करने का संदेश दिया गया। रेल परिसरों में मौजूद कर्मचारियों और यात्रियों को यह समझाया गया कि जल एक सीमित संसाधन है और इसके प्रत्येक बूँद का सही उपयोग हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की अपील के साथ स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान जारी रहा। डीडीयू मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण का यह जागरूकता कार्यक्रम 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक लगातार जारी रहेगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी में दीर्घकालिक सोच विकसित की जा सके।

चंदौली जनपद को आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में सातवां स्थान

जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के नेतृत्व में जनसुनवाई तंत्र हुआ सुदृढ़

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। उत्तर प्रदेश शासन की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में जनपद चंदौली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि जिलाधिकारी श्री चंद्र मोहन गर्ग के कुशल, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आईजीआरएस रैंकिंग शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के आधार पर तय की जाती है।

चंदौली को मिली यह रैंक न केवल जनपद के सुशासन की तस्वीर प्रस्तुत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी श्री गर्ग ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि "जनसुनवाई

हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाना अनिवार्य है।" उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी शिकायत निस्तारण में लापरवाही न बरते। किसी प्रकार की देरी अथवा टालमटोल की स्थिति में कठोर प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि- "प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की डोर को और अधिक मजबूत करने हेतु जनसुनवाई तंत्र को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।" गौरतलब है कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित वह डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसके माध्यम से प्रदेशवासी विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

इस प्लेटफ़ॉर्म की समीक्षा शासन स्तर पर नियमित रूप से की जाती है। जनपद चंदौली को उत्तर प्रदेश में IGRS रैंकिंग में सातवां स्थान। शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण। जिलाधिकारी का सभी अधिकारियों को पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश। प्रशासन की छवि में आया सकारात्मक परिवर्तन।

जनपद प्रशासन की इस उपलब्धि ने न केवल प्रदेश स्तर पर चंदौली की पहचान को सुदृढ़ किया है, बल्कि अन्य जनपदों के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। जनहित को केंद्र में रखते हुए शासन-प्रशासन के स्तर पर उठाए जा रहे कदम निश्चित रूप से समावेशी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक तंत्र की स्थापना की दिशा में सार्थक साबित हो रहे हैं।

भाजपाइयों पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ मुकदमा

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ मुगलसराय कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। इसी मामले को लेकर भाजपाइयों ने पिछले दिनों कोतवाली का घेराव किया था। खुद को यूट्यूबर बताने वाले सोनू सिंह नामक युवक ने पिछले दिनों अपने फेसबुक पेज पर भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी। कार्यकर्ताओं की तुलना आर्केस्ट्रा देखने वाली भीड़ से की थी। पोस्ट वायरल होते ही मुगलसराय के भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे। यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव किया। कार्रवाई की तलवार लटकती देख यूट्यूबर ने पोस्ट को अपने पेज से डिलीट कर दिया लेकिन इससे कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू सिंह और हेलो मित्र के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वियतनाम से वाराणसी लाया गया गौतम बुद्ध का अस्थि अवशेष, एयरपोर्ट पर डीएम ने की आगवानी

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। वियतनाम से गौतम बुद्ध का अस्थि अवशेष बुधवार की शाम वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर लाया गया। खुद वाराणसी के डीएम सत्येंद्र कुमार अस्थि अवशेष की अगवानी करने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे। डीएम के साथ डीसीपी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

यहां से अस्थि अवशेष के कलश को सीधे सारनाथ स्थित मूल गंध कुटी बौद्ध मंदिर लाया गया। महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया के महासचिव भिक्षु पी शिवली थेरो के नेतृत्व में अस्थि कलश की स्थापना पूजा के बाद मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के तहखाने में स्थापित कर दिया गया। इसके बाद धर्म चक्र प्रवर्तन सूत्र पाठ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय यूएन बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर प्रदर्शन के लिए सारनाथ से अस्थि अवशेष वियतनाम गया था। भिक्षु पी शिवली थेरो ने बताया कि लगभग एक महीने के कार्यक्रम के दौरान वियतनाम के लगभग नौ राज्यों में 24 घंटे तथागत के अस्थि अवशेष का प्रदर्शन किया गया। इसमें वियतनाम के लगभग एक तिहाई लोगों ने बुद्ध के अस्थि अवशेष का दर्शन पूजन किया। बुद्ध के अस्थि अवशेष कलश की स्थापना के बाद मंदिर परिसर में ही धम्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि बुद्ध का संदेश जन जन के लिए उपयोगी है। इसे आत्मसात कर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में शांति स्थापित कर सकता है। कहा कि बनारस में बुद्ध की अस्थि है यह सभी के लिए सौभाग्य की बात है। महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया के महासचिव भिक्षु पी शिवली थेरो ने कहा कि बुद्ध ने विश्व को शांति का संदेश दिया है। इसे आत्मसात कर भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। विश्व में बुद्ध के सम्मान के साथ भारत का भी सम्मान जुड़ा हुआ है। भारत से ही विश्व को बुद्ध द्वारा शांति का संदेश प्राप्त हुआ है। भारत के आध्यात्मिक देश है। कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संघ के निदेशक एस सक्सेना ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाबोधि विद्या परिषद के अध्यक्ष प्रो. राम मोहन पाठक ने किया। इस मौके पर महाबोधि सोसायटी के संयुक्त सचिव भिक्षु आर सुमितानंद थेरो, भिक्षु शील वंश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

197 गोरखा बने अग्निवीर, अब सेना का हिस्सा

वाराणसी। छावनी स्थित 39 जीटीसी में 31 सप्ताह के कठोर सैन्य प्रशिक्षण के बाद 197 गोरखा मंगलवार अल सुबह पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। परेड के बाद ये गोरखा अग्निवीर बनकर भारतीय थल सेना का हिस्सा बने। परेड ग्राउंड में जज्बा, जोश और अनुशासन के बीच अग्नीवीरों की पासिंग आउट परेड ने लोगों को बांधे रखा। आर्मी बैंड के साथ गोरखा जवानों ने सधे अंदाज में कदम ताल किया। परेड ग्राउंड में कतारबद्ध हो पहुंचे और तलवार के साथ कदम ताल करते हुए आगे बढ़ते गए। जवानों की गर्जना और उनके बूट की एक साथ आवाज लोगों में रोमांच पैदा कर रही थी।

परेड की सलामी मुख्य अतिथि 39 जीटीसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता (सेवा मेडल) ने ली। परेड के दौरान गोरखा जवानों की वीरता, बहादुरी के किस्से, भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन की बातें भी गुंजायमान रहीं। करीब एक घंटे तक परेड हुई। जवानों को उनका पारंपरिक हथियार खुखरी भेंट की गई। पासिंग आउट परेड देखने के लिए जवानों के परिजन, पूर्व सैनिक, सैन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि जुटे थे। परेड समारोह का संचालन सूबेदार यशविंदर सिंह ने किया। इंद्रा थापा ने गोरखाली भाषा में अनुवाद कर जवानों के परिजनों को जोड़े रखा। भारतीय सेना बल, मानसिक और नैतिक दृढ़ता की मिसाल मुख्य अतिथि कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिबार्न दत्ता ने सभी जवानों को बधाई दी। बताया कि वे अब भारतीय थल सेना के हिस्सा बन गये हैं। कहा कि भारतीय सेना केवल शारीरिक बल की नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक दृढ़ता की मिसाल है। उन्होंने जवानों से राष्ट्ररक्षा में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत 31 सप्ताह तक कठिन प्रशिक्षण के दौरान चार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता ने पुरस्कृत किया। इसमें युद्ध शारीरिक दक्षता परीक्षण में एवी करण भट्टराई, ड्रिल में एवी अरुण तमांग, ऑल राउंड बेस्ट में एवी सूरज गुरुंग, रणनीति, फायरिंग और समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवी विदांश बिष्ट का रहा। शहीद स्मारक पर नवाए शीश पासिंग आउट परेड के बाद निकट ही शहीद स्मारक पर अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें अग्नीवीर भी शामिल हुए। आर्मी बैंड ने किया आकर्षित, ग्रुप फोटो भी पासिंग आउट परेड और शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि के बाद सामने के मैदान में आर्मी बैंड बजा, इसके बाद सभी अग्नीवीरों की अफसरों के साथ सामूहिक तस्वीर ली गई। इस दौरान प्रशिक्षण के समय विशेष प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों के मां-पिता और परिजनों से अफसर मिले। उन्हें भी सम्मानित किया गया। भावुक हुए परिजन, पारंपरिक पूजा की 31 सप्ताह बाद अग्नीवीरों के परिजन बेटों को देख रहे थे। सैन्य वस्त्र में देख जहां उनकी आंखें चमक रही थीं, मन में जोश था तो वे भावुक भी थे। पासिंग आउट परेड के बाद बेटों को गले लगाकर चूमा। नेपाल के पारंपरिक तरीके से बेटों को पूजा। बेटों संग तस्वीरें, सेल्फी ली। 'निपुण योद्धा पुस्तक का विमोचन वाराणसी। पासिंग आउट परेड के अवसर पर मुख्य अतिथि ने 'निपुण योद्धा पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक को 39 जीटीसी की टीम ने लेफ्टिनेंट कर्नल चंदन ठाकुर (सेवा मेडल) के निर्देशन में तैयार किया गया है। पुस्तक में गोरखा जवानों की शौर्य गाथाओं के साथ-साथ अग्निवीर जवानों के अनुभव भी साझा किए गए हैं।

बीएचयूकर्मी सहित दो और कोरोना संक्रमित

वाराणसी। जिले में मंगलवार को बीएचयू कर्मचारी सहित दो लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। दोनों को सर्दी, जुकाम और बुखार के बाद कोरोना की जांच हुई थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद होम आइसोलेशन में भेज दिया गया है। वहीं बीएचयू आईएमएस के माइक्रोबायोलोजी लैब के रेजिडेंट और डाटा ऑपरेटर स्वस्थ्य हो गए हैं। वे काम पर लौट आए हैं। बीएचयू के 53 वर्षीय कर्मचारी और मंडुवाडीह के 70 वर्षीय बुजुर्ग पिछले पांच दिनों से सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित थे। संदेह पर डॉक्टरों ने कोरोना की जांच कराई थी। मंगलवार को दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों के घर गई थी। परिवार के लोगों की स्क्रीनिंग की गई। हालांकि किसी अन्य में कोई लक्षण नहीं मिला है। दोनों संक्रमितों की कोई टैवेल हिस्ट्री नहीं मिली है। बनारस में पिछले आठ दिनों में कोरोना के आठ मरीज मिल चुके हैं। इसमें दो स्वस्थ्य हो गए हैं। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने कहा कि संक्रमित मरीजों को हमारी टीम फॉलो कर रही है। घबराने की जरूरत नहीं है। वायरल बुखार की तरह मरीज स्वस्थ्य हो जाते हैं।

गॉल ब्लैडर कैंसर को शुरू में ही पहचान लेगा बायोमार्कर

वाराणसी। बीएचयू के चिकत्सा विज्ञान संस्थान के विज्ञानियो ने गॉल ब्लैडर कैंसर (पित्ताशय कैंसर) की शुरुआती स्टेज में पहचान के लिए जेनेटिक बायोमार्कर की खोज की है। शोध के दौरान पांच ऐसे जीन भी मिले हैं, जो तीन समूहों में अलग तरह से काम कर रहे थे। इससे पता चलता है कि ये जीन कैंसर के शुरुआती संकेत हो सकते हैं।

इससे मरीज को समय से इलाज मिल सकेगा और मृत्यु दर को कम किया जा सकेगा। इस शोध की रिपोर्ट प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्प्रिंगर जर्नल में प्रकाशित हुई है। बीएचयू के जनरल सर्जरी विभाग की डा. रूही दीक्षित, ऑनकोलॉजी विभाग के प्रो. मनोज पांडेय और सर्जन डा. विजय कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से शोध किया है। इसमें क्लेरियम डी तकनीक का उपयोग करके गॉलब्लैडर कैंसर, गॉलब्लैडर स्टोन (पथरी) और स्वस्थ ऊतकों की तुलना की गई। शोध में बीआरसीए- 2 और आरएडी 51बी जैसे दस मुख्य जीन पाए गए, जो कैंसर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये जीन आमतौर पर शरीर के खराब डीएनए की मरम्मत करते हैं। जब ये ठीक से काम नहीं करते, तो कैंसर बढ़ा सकते हैं। प्रो. मनोज पांडेय ने कहा कि अधिकतर मरीजों में गॉल स्टोन भी साथ मिलता है। शुरुआती अवस्था में कोई लक्षण न होने के कारण इस कैंसर का देरी से पता चलता है, और उस अवस्था में कोई इलाज न होने के कारण ज्यादातर मरीजों की 6-12 माह में मौत हो जाती हैं। ऐसे में इसकी बायोमार्कर के जरिये जल्दी पहचान की जा सकेगी। यह भारत का पहला अध्ययन है, जिसमें कैंसर, पथरी और सामान्य ऊतकों की एक साथ तुलना की गई है। ये नए जीन बायोमार्कर की तरह काम कर सकते हैं, जो शरीर में कैंसर का संकेत देने में और इलाज चुनने में मदद करेंगे। पांच फीसदी पित्ताशय कैंसर के मरीज सर सुंदरलाल अस्पताल में आने वाले कैंसर मरीजों में करीब 5 फीसदी मरीज पित्त की थैली के कैंसर के होते हैं। यह कैंसर ज्यादातर 45 वर्ष से अधिक आयु वाली महिलाओं में पाया गया है, पुरुषों की तुलना में यह महिलाओं में 5 गुना अधिक होता है। ट्यूमर से की गई जांच प्रो. मनोज पांडेय ने बताया कि हमने 30 मरीजों पर शोध किया। मरीजों के ट्यूमर की जांच की गई। ट्यूमर की एक सेल में बीआरसीए-2 और आरएडी 51बी सहित अन्य दस जीन मिले। ये कैंसर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सीटी स्कैन से अंतर करना मुश्किल प्रो. मनोज पांडेय ने कहा कि पथरी और गॉल ब्लैडर कैंसर की पहचान सीटी स्कैन से नहीं हो पाती है। क्योंकि पथरी पित्त की थैली को छोटी और उसकी दीवार को मोटा कर देती है। हालांकि इस बायोमार्कर से इसका पता आसानी लगाया जा सकेगा।

हनुमान दरबार में श्रृंगार और भंडारा

वाराणसी। ज्येष्ठ मास के चौथे 'बड़े मंगल पर बनारस के हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार और भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने महावीर के दरबार में शीश नवाया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान सेना के आह्वान पर मंगलवार को 450 से अधिक मंदिरों और प्रतिष्ठानों में भंडारे हुए। हनुमान सेना के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने बताया कि बड़े मंगल पर मंशापूर्ण हनुमान कंपनीबाग, राजेश सिंह दयाल का भंडारा गुरुबाग, हनुमान मंदिर पिपलानी कटरा, संकटमोचन मंदिर, महावीर मंदिर अर्दली बाजार, हनुमान मंदिर कमच्छा चुंगी, राम जानकी हनुमान मंदिर, हनुमान मंदिर नीचीबाग, हनुमान मंदिर हनुमान घाट, हनुमान मंदिर मडुवाडीह, हनुमान मंदिर काशी विद्यापीठ सहित 450 से अधिक मंदिरों और प्रतिष्ठानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

कमच्छा चुंगी स्थित हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने पूजा करके भंडारा शुरू कराया। यहां चार हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 5 बजे संकटमोचन मंदिर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय ने मंदिर में भंडारे के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू कराया। आयोजन में गोविंद केजरीवाल, अरविंद सिंह, विनोद राजभर, अवध किशोर सिंह, विजय कपूर, मार्कंडेय तिवारी, गौरव सिंह, अतुल शुक्ला, विजय पाठक, संजय जोशी आदि थे। इधर, मछोदरी स्थित स्वामीनारायण मंदिर स्थित हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। नवीन पुजारी ने रामभक्त हनुमान का श्रृंगार किया। महंत स्वामी प्रेमस्वरूप दास के निर्देशानुसार मंदिर परिसर को सजाया गया था। शाम 5 बजे से हजारों भक्तों के लिए भंडारा चला। इस दौरान घंसू पहलवान, विक्की यादव, भावेश भगत, दिनेश पाटीदार, कुंवर कान्त सिंह, दिनेश यादव (पप्पू), अजय पहलवान, गजानंद यादव, बब्बल यादव आदि थे।

पीकू वार्ड की बत्ती कई बार हुई गुल

वाराणसी। बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल के बाल रोग विभाग के पीकू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) वार्ड में मंगलवार को बार-बार बिजली गुल होने से अभिभावक परेशान रहे। हालांकि एक से दो मिनट में आपूर्ति बहाल हो जा रही थी। अभिभावकों का आरोप है कि मशीन के लिए बैकअप की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वार्ड में भर्ती दस नवजातों की जान जोखिम में है। सोशल मीडिया पर वार्ड का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि आप अपना 'अखबार हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता। विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर कोमल वर्मा का निमोनिया से ग्रस्त नौ माह की बेटी इन दिनों पीकू वार्ड में भर्ती है।

उनका आरोप है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों का व्यवहार बहुत खराब है। बिजली कटने पर कोई सहायक प्रणाली नहीं है और न ही कोई पावर बैकअप है। मरीज के परिवार को छोटी-छोटी चीजों के लिए परेशान किया जा रहा है। लाइट गुल होने पर परिवार के लोग बच्चे को लेकर चिंतित हो जाते हैं। मामले में बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर सिंह ने कहा कि पीकू में मरीज के साथ सिर्फ एक अटेंडेंट होता है। मैंने डॉ. कोमल को बाहर कर दिया तो उन्होंने लाइट का वीडियो बना लिया। उन्होंने कहा कि लाइट जाने पर एम्बो बैग से बच्चों को सपोर्ट दिया जाता है। एक मिनट के अंदर लाइट आ गई थी।

निजीकरण का प्रस्ताव जनता के साथ छलावा

वाराणसी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से बिजली के प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में मंगलवार को तरना विद्युत उपकेंद्र से जनजागरण अभियान शुरू किया गया। इसमें बिजलीकर्मियो के साथ पार्षद एवं प्रधानों ने भी निजीकरण को आमजन के साथ छलावा बताया।

गनेशपुर वार्ड के पार्षद संदीप ने कहा कि बिजली का निजीकरण किसी के हित में नही है। इसलिए इसका विरोध निश्चित होना चाहिए। बिजलीकर्मियो का आंदोलन सराहनीय है। इस मुद्दे को निगम के सदन में भी उठाएंगे और निजीकरण के विरोध में प्रस्ताव पास कराएंगे। भवानीपुर के पार्षद गोविंद प्रसाद पटेल ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाएं सरकारी ही होनी चाहिए। अभी बिजली विभाग में मीटर रीडिंग का काम निजी कम्पनी करती है। इसमें कई कमियां होती हैं। आए दिन उपभोक्ता बिल सम्बन्धी शिकायतें करते हैं। चौमाई के प्रधान मुकेश ने बताया कि हम सभी जनहित की लड़ाई लड़ रहे बिजलीकर्मियो के साथ है। हम लोग जनांदोलन के रूप में सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर अपने क्षेत्र के जनता को भी जागरूक करेंगे और बिजलीकर्मियो के आंदोलन से जनता को भी जोड़ेंगे। अंकुर पांडेय ने बताया कि बुधवार को भिखारीपुर में संघर्ष समिति के बैनर तले दोपहर 2 से 5 बजे तक किसान संगठनों के साथ बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर नरेंद्र वर्मा, सियाराम, अभिजीत कुमार, अखिलेश गुप्ता, लालब्रत, सौरभ श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, मनोज यादव, रवींद्र कुमार, रजनीश आदि थे।

डीएवी के रिटायरकर्मियों को मिलेगा कैशलेश उपचार

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के रिटायर शिक्षकों और कर्मचारियों को कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। मंगलवार को कॉलेज में आयोजित जर्नल लोकार्पण समारोह में प्रबंधक और प्राचार्य ने यह घोषणा की। बताया कि चुनिंदा अस्पतालों में कैशलेश इलाज की सुविधा कर्मचारियों को मिलेगी। कार्यक्रम में दौरान उर्दू विभाग से रिटायर विभागाध्यक्ष डॉ. हबीबुल्लाह को विदाई दी गई। मंगलवार को कॉलेज की यूजीसी से पीयर रिव्यूड रेफर्ड मल्टीडिसिप्लीनरी रिसर्च जर्नल 'प्रभा के संयुक्तांक का लोकार्पण हुआ। प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव, कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल, उपाचार्य द्वय प्रो. संगीता जैन, प्रो. राहुल और प्रभा के संपादक डॉ. दीपक शर्मा ने जर्नल के 2023-24 के संयुक्तांक (7-8) का लोकार्पण किया।

महाविद्यालय की ओर से प्रकाशित इस जर्नल में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं अकादमिक विद्वानों को परामर्श समिति में स्थान दिया गया है। संयुक्तांक में 36 रिसर्च पेपर प्रकाशित किए गए हैं जिनमें सामाजिक विज्ञान के अलावा मानविकी, कला, वाणिज्य अन्य विषयों के मल्टीडिसिप्लिनरी पेपर भी शामिल हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय से ही प्रकाशित जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स एवं कॉमर्स के 16वें अंक का भी विमोचन किया गया। इसका संपादन प्रो. अनूप कुमार मिश्र ने किया है। संचालन डा. दीपक कुमार शर्मा, स्वागत डा. श्रुति अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन डा. राजेश कुमार झा ने किया। इन मौके पर प्रो. सत्यगोपाल, प्रो. ऋद्धारानी यादव, प्रो. सतीश कुमार सिंह, प्रो. विजयनाथ दुबे, प्रो. अनूप कुमार मिश्र, प्रो. मीनू लाकड़ा, प्रो. प्रशांत कश्यप सहित अन्य विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

नदी में डूबने से छात्र की मौत

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के ग्राम सरोजबड़ेवर में बुद्धवार को पूर्वांह लगभग साढ़े आठ बजे अंकेश प्रजापति 17वर्ष पुत्र अरविंद प्रजापति की नदी में डूबकर दर्दनाक मौत हो गयी। गौरतलब है कि गाँव से होकर गुजरने वाली गोमती नदी में नहाने का समय फुटईया नदी घाट पर अचानक अंकेश गहरे पानी में चला गया। पास में नहा रहे कुछ लडके जब तक उसे बचाते तब तक अंकेश डूब गया। मौके पर मल्लहो ने तुरन्त नदी में उसे निकाला तब तक उसकी मौत चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराया, वही परिजन वगैरे पोस्टमार्टम के शव की अंतेष्ठी कर दिया। मृतक अपने पिता की संतानो में दुसरा नबर पर था। और माँ गायत्री इंटर कालेज में 12वी का छात्र था। वही उसका एक बड़ा भाई अंकित प्रजापति 20वर्ष और बहन अकिता प्रजापति 13 वर्ष है। घटना से मृतक की माँ सुमन प्रजापति का रों रों कर बुरा हाल है।

पीस कमेटी की बैठक में खुलेआम बिक रहे मांस पर रोक लगाने की मांग

सुजानगंज। क्षेत्र के थाना पा्गंण में बुधवार के दिन पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मनोज सिंह के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे जहां पर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी त्योहार को देखते हुए सभी क्षेत्र वासी आपसी सौहार्द को बनाते हुए त्योहार को मनायें तथा नमाज़ भूलकर भी सड़क पर न अदा करें किसी प्कार की कोई समस्या है तो उसे थाने पर तुरंत सूचित करे जिससे समय रहते समस्या का निवारण किया जा सके।

पीस कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष।

वहीं पर उपस्थित विहिप कार्यकर्ताओं ने चिरैया मोड़ सुजानगंज स्थित खुले में कांटे जा रहे बकरे,मछली, मुर्गे पर रोक लगाने की अपील करते हुए मांग किये।तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने इस बात का समर्थन किया खुले में बिक रहे मांश पर रोक लगाई जानी चाहिए। जहां पर पुलिस कर्मी के साथ देवेन्द्र सिंह, सुधीर त्रिपाठी, रिकंज पांडे, उमेश पांडे के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दो बच्चों को ससुराल में छोड़कर मायके से निकली विवाहिता लापता

गुमशुदगी दर्ज हुए तीन सप्ताह बाद भी पुलिस नहीं कर सकी विवाहिता की बरामदगी

तरुणमित्र न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। दो बच्चों को ससुराल में छोड़कर मायके के लिए विवाहिता लापता हो गई। सास ने बहू की लापता होने की तहरीर थाना मुंगराबादशाहपुर दी है।

पुलिस से ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के मलल्हूपुर (उकनी) निवासी अनारकली ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 10 मई मेरी बहू अंजू देवी (30) पत्नी शंकरलाल सिंह सुबह अपने ससुराल गांव बांकी सिकरारा से अपने दोनों बच्चों को छोड़कर निकली थी, लेकिन अभी तक वह न तो मायके पहुंची और न ही ससुराल पहुंची है।जिसकी सकुशल बरामदगी को लेकर सास ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। गुमशुदगी दर्ज कराएं तीन सप्ताह बीतने के बावजूद भी पुलिस द्वारा बरामदगी नहीं हो सकी। जिसको लेकर सास अनारकली देवी ने पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ को तहरीर पुन: देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने तहरीर में बताया कि मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने अभी तक विवाहिता महिला की बरामदगी करने बहुत दूर की बात है थाने में जाने पर पुलिसकर्मी द्वारा गाली देकर भगा देते हैं।इस बाबत थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जल्द ही विवाहिता को खोज निकाला जाएगा।

जलकल की मेहरबानी, खाद्यान्न संग खरीदते हैं पानी

वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस निकट है। जल संरक्षण के लिए भी आवाज उठेगी। कहा जाएगा कि जीवन के लिए शुद्ध पेयजल जरूरी है। मगर यह बात उन लोगों के लिए 'जले पर नम छिड़कने जैसी नहीं होगी जिन्हें हर दिन पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही हो वह भी तब जब इलाका शहरी हो। जलकल की मेहरबानी से यह तल्ख सच्चाई मंडुवाडीह वार्ड के जागृति नगर में दिखती है। वहां लोगबाग खाद्यान्न संग मुद्दत से पानी भी खरीदते हैं।

जलकल से मिल रहा पानी उपयोग किसी काम लायक नहीं होता। मंडुवाडीह वार्ड एवं उसकी कई कॉलोनियां नवशहरी हैं। नवशहरी हुए भी उन्हें तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं मगर पानी और सीवर जैसी बुनियादी समस्याएं भी दूर या कम होने की जगह दिन-प्रतिदन गंभीर होती जा रही हैं। मंडुवाडीह चौराहा के बगल में बसी जागृति नगर कॉलोनी में 300 के आसपास मकान हैं। उनमें लगभग दो हजार की आबादी रहती है। 'हिन्दुस्तान के साथ बातचीत में बाशिंदे विकास कार्यों के बाबत पूछने पर भड़क गए। बोले, जब रोज बाजार से पानी खरीदना पड़े तब कैसा विकास देवानंद, ओमशंकर ने बताया कि यहां शुद्ध पेयजल का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। बताया कि पेयजल की पाइप लाइन दशकों पुरानी और सीवर लाइन से सटकर बिछी है। उसमें जगह-जगह गंभीर लीकेज हो गए हैं। पानी और सीवरेज के गठजोड़ के चलते घरों तक गंदा, बदबूदार पानी पहुंचता है। अंकिता ने कहा कि उस पानी का आप किसी काम में उपयोग नहीं कर सकते। यहां तक कि बर्तन भी नहीं धुल सकते। दीप भारती, लक्ष्मी आदि ने को उम्मीद थी कि नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद पानी की समस्या दूर होगी मगर समाधान का इंतजार साल-दर-साल लंबा होता जा रहा है। रामानंद, बबलू ने बताया कि पास ही में नगर निगम का जोनल कार्यालय है। वहां से लेकर सिगरा स्थित मुख्यालय तक हम शुद्ध पानी की गुहार लगा चुके हैं। आवेदन और ज्ञापन लेने के बाद अफसर उसे ठडे बस्ते में डाल देते हैं। रानी देवी, सुनीता गुप्ता ने बताया कि पानी की खरीद से घर का बजट बिगड़ रहा है। दिनचर्या के लिए सबसे जरूरी चीज के बिना रह भी नहीं सकते। गणेश चौरसिया ने कहा कि कॉलोनी के एक-दो घरों में सबमर्सिबल पंप लगे हैं। उनसे इमरजेंसी में मदद लेनी पड़ती है। बार-बार मदद मांगने में भी संकोच होता है। पहले रास्ता लेता इम्तिहान कॉलोनी के बच्चे अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते हैं। अभिभावक के रूप में अजित यादव, उत्सव जायसवाल, देवानंद ने कहा कि उन बच्चों को अपने स्कूलों से पहले कॉलोनी की सड़क पर इम्तिहान देना पड़ता है। सड़क पर लगे पत्थर के चौके जगह-जगह उखड़ गए हैं। उबड़-खाबड़ रास्ते पर पैदल चलना भी आसान नहीं है। बच्चे अक्सर चोटिल होते रहते हैं। वैसे, आवागमन में परेशानी तो बड़ों और बाइक सवारों को भी होती है। सुरेन्द्र की मानें तो कॉलोनी की मुख्य सड़क के साथ गलियों की भी हालत ठीक नहीं है। उनकी भी लंबे से मरम्मत नहीं हुई है। कार्ड पर नाम नहीं, राशन कैसे मिले कॉलोनी के कई परिवार राशन कार्ड बनवाने और परिवार के छूटे सदस्यों के नाम चढ़वाने के लिए परेशान हैं।

कोई दो साल तो कोई तीन साल से चक्कर लगा रहा है। सुनीता गुप्ता ने कहा कि न तो राशन कार्ड पर नाम चढ़ पा रहा है न ही नया राशन कार्ड बन रहा है। इससे परेशानी हो रही है। ओमशंकर ने कहा कि राशन कार्ड बनवाने के लिए कॉलोनी या आसपास कैंप लगे ताकि लोगों को विभाग का चक्कर न लगाना पड़े। लक्ष्मी, आरती देवी, उर्मिला ने कई परिवारों का हवाला देते हुए कहा, उनकी इतनी कमाई नहीं है कि रोजी-रोटी चल पाए। उन्हें कोटे के राशन से राहत मिलेगी। निजी कर्मचारी करते सफाई जागृति नगर में सफाइ के लिए लोगों ने प्राइवेट सफाईकर्मी लगाए हैं। उन्हें हर माह मानदेय दिया जाता है।

जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

जंघई। सहायक वाणिज्य प्रबन्धक लखनऊ विनीत कटियार ने जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरिक्षण किया इस दौरान वह आरक्षण काऊन्टर, प्लेटफार्म नम्बर एक दो तीन तथा एटीवीएम मशीन को देखा। सहायक वाणिज्य प्रबन्धक लखनऊ विनीत कटियार दोपहर में जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे उन्होंने जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर दुसरी जगह शिफ्ट होने वाले आरक्षण काऊन्टर को देखा तथा बताया की एक माह बाद आरक्षण काऊन्टर हटा कर नये जगह सिफ्ट 6 महिने के लिए किया जायेगा 6 माह बाद नया आरक्षण काऊन्टर बनने के बाद फिर पुराने जगह आरक्षण काऊन्टर खुलने का भरोसा दिलाया इस दौरान जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बंद एटीवीएम मशीन को चालू कराया।

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते अधिकारी।

पावर केविन के पास शीघ्र सुलभ शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया। प्लेटफार्म नम्बर एक दो तीन पर यात्री सुविधाओं के लिए कैन्टीन चालू कराने का भी आश्वासन दिया। प्लेटफार्म नम्बर एक दो तीन पर जरुरत के हिसाब से और कुर्सियां लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ सीएमआई आनन्द कुमार श्रीवास्तव, स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह, सीआरएस कमलेश कुमार, राज किशोर जंघई मौजूद रहे।

अपर आयुक्त ने तहसील में किया मुआइना

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। अपर आयुक्त प्रशासन वाराणसी मंडल राकेश कुमार गुप्ता ने सोमवार को तहसील मुख्यालय स्थित राजस्व न्यायालयों का मौका मुआयना किया। मुआयना के दौरान उन्होंने संग्रह कार्यालयों सहित न्यायीक एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, राजस्व कार्यालय, न्यायालय के न्यायिक कर्मियों संग बैठक कर तमाम समस्याओं को अति शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इसमें किसी भी प्रकार का लारवाही मिली तो कार्रवाई तय हैं। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं। किसी भी मामले को लटकाने का कार्य न करें। अगर इसमें किसी भी प्रकार की लापवाही सामने आएगी तो संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद अपर आयुक्त नेराजस्व कर्मियों के साथ सभागार में बैठक की। तमाम समस्याओं को समयानुसार निस्तारण करने का निर्देश दिए। उन्होंने ने तहसील मुख्यालय स्थिति तमाम कार्यालयों के मुआयना के दौरान कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने को भी चेताया।

तहसील का मुआयना करते अपर आयुक्त।

बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लेखपालों, संग्रह अमीनो, कानूनगो आदि कर्मियों से कहा कि किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ, न्यायिक उपजिलाधिकारी पवन सिंह, तहसीलदार रविरंजन कश्यप, नायब तहसीलदार संतोष कुमार यादव सहित सभी राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

अंजू सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया प्रसाद वितरण का आयोजन

प्रसाद वितरित करते ट्रस्ट के लोग।

तरुणमित्र न्यूज

महराजगंज। क्षेत्र के सवंसा गांव स्थित पुरानी प्राचीन हनुमान मंदिर के परिसर में श्री मति अंजू सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा फल और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह और कोषाध्यक्ष अजीत सिंह के द्वारा मंदिर में आने वाले भक्तों को शीतल जल, शरबत एवं केला का प्रसाद वितरित किया गया। चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव/ प्रबन्धक यादवेंद्र प्रताप सिंह (लवकुश) ने कहा कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को पानी पिलाना व प्रसाद वितरण करना पुण्य का कार्य होता है।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री वर्तिका यादव के सुकन्या खाता संख्या 010018250331 में जन्मतिथि 20/02/2015 अंकित है, जो कि गलत है। जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 20/02/2016 है।

प्रार्थी:- अनिल कुमार यादव पुत्र जंगी राम यादव

ग्राम- महमदपुर, मड़ियाहूं, जौनपुर

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता बालगोविन्द पुत्र निखिद्दी उ0त0 90 वर्ष जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिन्हे सोचने- समझने की शक्ति नहीं है, उनसे कोई व्यक्ति या प्रार्थी के भाई रंजीत कुमार, संजय कुमार स्वयं अथवा अपनी पत्नी व बच्चे के नाम से किसी भी प्रकार का बैनामा/वसीयतनामा पंजीकृत कराते है तो वह शून्य समझा जायेगा।

प्रार्थी:- भरतलाल पुत्र बालगोविन्द

सा0 मौजा कनुवानी, परगना व तहसील केराकत, जनपद जौनपुर

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

बअदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय मछलीशहर जनपद जौनपुर (उ0प्र0)

मु0न0 T202514360309249 सन् 2025 ई0

शिवप्रताप बनाम श्रीनाथ

धारा- 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ई0

सा0- अचकारी, गड़वारा

तह0- मछलीशहर, जौनपुर (उ0प्र0)

ता.पेशी-14.06.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1-श्रीनाथ बिन्द, 2- हरीनाथ, 3- रामकिशुन पुत्रगण गुल्लू बिन्द, 4- खेलाड़ी, 5- सालिकराम पुत्रगण बिसाती, 6- शनि कुमार, 7- रोहित कुमार पुत्रगण मनोगी, 8- महन्थू देवी पत्नी स्व0 मनोगी बिन्द निवासीगण ग्राम अचकारी, पर0 गड़वारा, तह0 मछलीशहर, जिला जौनपुर, 9- गांवसभा अचकारी, परगना गड़वारा, तहसील मछलीशहर जिला जौनपुर बजरिये अध्यक्ष/ प्रधान/ भूमि प्रबन्धक समिति अचकारी जौनपुर, 10- सरकार उ0प्र0 बजरिये कलेक्टर महोदय जनपद जौनपुर (उ0प्र0)।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 14 माह 6 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

अन्तरजनपदीय शातिर लुटेरा को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

विभिन्न आभूषण के साथ देशी तमंचा व कारतूस बरामद

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में जिले भर में चलाये जा रहे अपराध/अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने गैर जनपदीय शातिर लुटेरा गिरफ्तार किया गया। बुधवार को सीओ सिटी द्वारा उनके कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया के समक्ष शातिर लुटेरा को प्रस्तुत कर जानकारी दी गयी।

मीडिया के समक्ष गिरफ्तार शातिर लुटेरा को प्रस्तुत कर जानकारी देते सीओ अंजनी कुमार पाण्डेय।

सीओ सिटी अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम गत दिवस मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के समय लूट के अभियोग की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त को सिकटिया पुल के पास से धर दबोचा गया। पकड़ा गया 37 वर्षीय अभियुक्त ओम प्रकाश बिन्द उर्फ बक्सी पुत्र स्व.रामनाथ निवासी गोडा थाना सदर कोतवाली जनपद गाजीपुर है। उसके कब्जे से एक पीली धातु की लाकेट गोलाकार व चोरी की दो पायल व 06 बिछिया सफेद धातु एवं एक देशी तमंचा 12 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर का बरामद किया गया।

उक्त अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जो बीते 19 मई को प्रात:काल हिन्दी भवन के पास फूल तोड़ते समय मुहल्ला निजामुद्दीनपुरा निवासी मीना द्विवेदी पत्नी अखिलेश द्विवेदी का गले से सिकड़ी खींच कर भाग गया था। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 174/25 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया। शातिर लुटेरा के विरूद्ध कुल 31 अभियोग पंजीकृत है। जिसमें जनपद गाजीपुर के विभिन्न थानों पर 26 अभियोग व जनपद बलिया के विभिन्न थानों पर 02 अभियोग तथा मऊ कोतवाली नगर थाने पर 03 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपराध करने का तरीका के बारे में बताया कि सुबह-सुबह टहलने वाली अकेली महिलाओं का पीछा करके रेकी करते है तथा मौका पाकर गले से चेन इत्यादि को छीनकर तेजी से मोटर साइकिल चलाते हुए भाग जाते है।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उनि सुभाष चन्द्र चौकी प्रभारी भीटी, उनि देवेन्द्र प्रताप सिंह, हे.कां. इमरान खान तथा कां. रवि किरण सिंह शामिल रहे।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत पालिका में बैठक सम्पन्न

- नगर पालिका में आज संयंत्र लगाने हेतु होगा रजिस्ट्रेशन
- पालिकाध्यक्ष ने अपने घर से पैनल लगवाने की शुरूआत की

सभाकक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक करते चेयरमैन व ईओ।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पूरे नगरवासियों को दिलाने के लिये बुधवार को सभाकक्ष में पालिकध्यक्ष अरशद जमाल एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने सभासदगण, ठेकेदारों, अधिकारियों, कर्मचारियों व गुनगुन इण्टर प्राइजेज के राघवेन्द्र सिंह तथा गौरव बैट्र के गौरव जायसवाल आदि से संयंत्र लगाने के संदर्भ में विस्तार से बात चीत की।

पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरों में सोलर सिस्टम (संयंत्र) लगाना हर प्रकार से लाभपरक है। श्री जमाल ने कहा कि वे इस संयंत्र को लगाने की शुरूआत अपने निवास स्थान मस्कन से करेंगे। इस संयंत्र के लगने के उपरान्त निसंदेह आपकी बिजली दरों में भारी गिरावट आयेगी। यह संयंत्र दो प्रकार की क्षमता वाले हैं एक ग्रिड पैनल तथा दूसरा हाईग्रिड पैनल। ग्रिड पैनल से आपको बिजली रहते ही बिजली मिलेगी जबकि हाईग्रिड पैनल लगाने से 24 घण्टे गिजली मिलती रहेगी। श्री जमाल ने बताया कि आप अपनी आवश्यकता के अनुसार 1 केवी एवं इससे अधिक क्षमता वाले संयंत्र भी लगा सकते हैं।

इसकी खास बात यह है कि आपके घरों में पैदा होने वाली बिजली से ही आपकी बिजली बिलों में कमी होगी। अध्यक्ष जी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिये बिजली बिल, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक अकाउण्ट की छाया प्रति तथा ओटीपी हेतु मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी।

अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत नगर पालिका का टारगेट 200 संयंत्र लगवाने का है। इसके लिये बृहस्पतिवार को 10 बजे से नगर पालिका परिषद में रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। उन्होंने नगर पालिका के सभी कर्मचारियों एवं ठेकेदारों से अपने घरों में यह संयंत्र लगवाने की अपील की है।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संदर्भ में बताते हुये गौरव जायसवाल ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत आपके लिये उतने ही केवी के पैनल स्वीकृत किये जायेंगे जितने किलो वाट बिजली का क्नेक्शन आपके घरों में चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 3 से 4 माह के बीच आपकी बिजली की दर न्यूनतम 200 रूपये से नीचे आ जायेगी जबकि चार से पांच वर्षों के भीतर यह दर घट कर जीरो हो जायेगी।

गौरव ने बताया कि संयन्त्र लगाने के लिये सरकार प्रोत्साहित कर रही है और इसके लिये 1 केवी क्षमता वाले संयंत्र पर 30 हजार जबकि राज्य सरकार 15 हजार अनुदान देती है। इस प्रकार कुल अनुदान 45 हजार रूपये आपके बैंक खाते में लगभग 2 माह के अन्दर टांस्फर कर दिये जायेंगे। इस प्रकार संयंत्र की अनुमानित लागत 65 हजार होगी जिसके लिये उपभोक्ता का प्रभावी अंशदान 20 हजार रूपये ही होगा।

बैठक में पालिका के अधिकारी, कर्मचारीन व सभासदगण एवं ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

बड़े मंगल के भंडारे में पांच हजार लोगों ने ग्रहण किये प्रसाद

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। शारदा नारायण हास्पिटल द्वारा ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में चार बजे से आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम रात नौ बजे तक चलता रहा नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ प्रसाद ग्रहण किया। बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ एकिका सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह, एंब्रियोलाजिस्ट डॉ मधुलिका सिंह, प्रशासनिक निदेशक अरुण कुमार सिंह, सुष्मिता सिंह सहित शारदा नारायण हास्पिटल परिवार के सभी कर्मचारी सनातन परंपरा के इस महत्वपूर्ण क्षण में तत्परता के साथ प्रतिभाग किये। डॉ संजय सिंह ने बताया कि ज्येष्ठ माह का मंगलवार सनातन परंपरा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। लखनऊ में शारदा नारायण सिप्स द्वारा दूसरे मंगलवार को तथा मऊ में चौथे मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। हिन्दू आस्था के इस महत्वपूर्ण क्षण में आम जनमानस को भंडारा के माध्यम से प्रसाद प्रदान करने का अवसर अपने आप में महत्वपूर्ण है। चिकित्सा के साथ अपने सामाजिक अवदान को लेकर भी शारदा नारायण हास्पिटल प्रतिबद्ध है।

रमेश सिंह उर्फ काका के विरूद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारण्ट जारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपराध/अपरधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु.अ.सं. 1309/2010 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि से संबंधित अभियुक्त के विरूद्ध 25000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियोग में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में 02 जून को रमेश सिंह उर्फ काका पुत्र स्व. रामवृक्ष सिंह निवासी कैथवली थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के विरूद्ध तय आरोप के अनुसार न्यायालय में होना था परन्तु रमेश सिंह उपस्थित नहीं हुआ। इसके पश्चात 03 जून पुन: उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया, फिर भी उक्त अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। जिसके विरूद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अभियुक्त के विरूद्ध पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध जिले में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना कोपांगज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान इन्दारा रेलवे स्टेशन के पास से मु.अ.सं. 87/25 धारा 137(2), 87. 351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आदित्य राजभर पुत्र गोलु राजभर निवासी कसारा थाना कोपागंज को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध धारा 65(1) बीएनएस व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

राज्य सरकार में निहित हो चुकी भूमि को माफिया कर रहे हैं बंटवारा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। सदर तहसील में भू- माफिया इतने सक्रिय हैं की जिलाधिकारी की आंखों में धूल झोंक कर ऐसा कृत्य कर रहे हैं जिसको सुनने के बाद आंखें फटी की फटी ही रह जाती है। बतादें की तहसील क्षेत्र के भुजौटी स्थित नेशनल हाईवे के किनारे गाटा संख्या 11मि. में खाता संख्या 20 जो कौशल्या देवी रामधनी चतुर्गन और शिवनारायन एवं खाता संख्या 131 गाटा संख्या 11मि. में लगभग 30 कड़ी पर खातेदारों के नाम गलत बैनामा व गलत वरासत के कारण उप जिलाधिकारी तहसील सदर ने दोनों खातेदारों का नाम निरस्त करते हुए 06 जून 2024 को दोनों जमीन राज्य सरकार के खाते में निहित कर दिया गया। उक्त जमीन को भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल डांडी खास राजकुमार को मिलाकर कौशल्या बनाम रामधनी नाम से जिलाधिकारी के न्यायालय में 30(2) बंटवारे का मुकदमा दाखिल किया गया जो सरासर गलत है। जिलाधिकारी को धोखा देते हुये क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उसका फांट भी तैयार कर दिया गया। ऐसी स्थिति में गलत फाट स्वीकृत हो गया होता तो जिले में एक अनोखी घटना होती जो आगे के लिये एक नजीर साबित होती और 'राजा को मालूम नहीं सारा जंगल बनवासी बांट लिये' वाली कहावत चरितार्थ हो जाती।

इस प्रकार क्षेत्रीय लेखपाल डांडी खास राजकुमार व भू-माफिया सही काश्तकारों को गलत और गलत का स्थान को सही बनाने में सफल हैं। क्योंकि खतौनी में जिन काश्तकारों का नाम नहीं है या 12 साल पहले मृत्यु हो चुकी है उन सभी को मनगढ़ंत और साजिश के तहत इस रचनात्मक गणित द्वारा फाट बनकर तैयार किया गया है। इसकी सूचना अन्य काश्तकारों को नहीं दी गयी और नहीं आपत्तिकर्ता को इसकी जानकारी थी। सक्रिया खातेदार ने इन्टरनेट के माध्यम से लेखपाल की कारगुजारी को जान पाया और सजग होकर गुहार लगा रहा है।

जोत भूमि के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा उर्वरकः जिला कृषि अधिकारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में कृषकों को उनकी जोत के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। वहीं जमाखोरी/कालाबाजारी /निर्धारित दरों पर बिक्री तथा अन्य उत्पादों की टैगिंग करना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का घोर उल्लंघन है।

यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरक बिक्री के समय किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग एवं जमाखोरी /कालाबाजारी /निर्धारित दरों से अधिक पर करता है तो आप कृषक बन्धु इसकी शिकायत उनके कार्यालय में करें। शिकायत के आधार पर उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्राविधानानुसार कार्यवाही की जा सके।

बिजली के निजीकरण के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

- निजीकरण का फैसला किसान ही नहीं, मेहनतकश जनता के खिलाफ
- राज्यपाल को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। संयुक्त किसान मोर्चा ने उत्तर प्रदेश सरकार के बिजली के निजीकरण के खिलाफ व गरीबों के लिए बिजली की रियायती दरें बहाल करने, स्मार्ट मीटर वापस लेने, सभी ग्रामीणों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, ट्यूबवेल बिजली आपूर्ति 18 घंटे सुनिश्चित करने, सिचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की मांग को लेकर बुधावार को जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन। वहीं राज्यपाल को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण का फैसला किसान ही नहीं, तमाम मेहनतकश जनता के खिलाफ है। खुद बिजली कर्मचारी लम्बे समय से इसके खिलाफ आन्दोलन कर रहे हैं।देश में हर जगह किये गये बिजली के निजीकरण ने भारी घाटा पहुंचाया है। इससे बिजली बेहद महँगी हुई है और बिजली उत्पादन और वितरण का बेशकीमती ढाँचा निजी कम्पनियों के कब्जे में चला गया। जिन राज्यों में बिजली निजी कम्पनियों के हाथों में है, वहाँ इसकी दर 17 रूपये प्रति यूनिट तक है। उत्तर-प्रदेश में ही 2009 में आगरा में बिजली वितरण टोरेंट को दिया गया था। 2023-24 में टोरेंट को पावर कारपोरेशन ने 4.36 रुपये प्रति यूनिट की रियायती दर पर बिजली सप्लाई की, जिसे वह खुद 5.55 रु0 प्रति यूनिट की दर से खरीद रही थी, जिसमें उसे 275 करोड़ रुपये का सालाना घाटा हुआ। टोरेंट ने यही बिजली उपभोक्ताओं को 7.98 रुपये प्रति यूनिट की दर से बेची और 800 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। विगत 14 वर्षों में टोरेंट के कारण पावर कारपोरेशन को 2434 करोड़ रुपये की क्षति हुई। इसके अलावा टोरेंट ने 2200 करोड़ रुपये का पिछला बकाया भी आगरा में वसूला।

उत्तर-प्रदेश में साल 2001 में बिजली निगमों का घाटा केवल 77 करोड़ रूपये था जो अब बढ़कर एक लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। बिजली के घाटे के लिए हमेशा गरीबों को दोष दिया जाता है। घाटे का सच तो यह है कि बिजली विभाग पर लगभग 1 लाख 10 हजार करोड़ रूपये के घाटा है। इसमें बहुत बड़ी रकम निजी कम्पनियों, बड़े कारोबारियों और रसूखदार लोगों पर बकाया है तथा 14,400 करोड़ रूपये सरकारी विभागों पर है। इसके अतिरिक्त करीब 10,000 करोड़ का घाटा निजी कारपोरेट घरानों से अत्यधिक महंगी बिजली खरीदने के कारण है। उत्तर-प्रदेश सरकार ने जिन पूर्वांचल और दक्षिणांचल बिजली निगमों के निजीकरण का फैसला किया है, उनका रिजर्व दाम मात्र 1600 करोड़ रुपये रखा है और उनकी सारी जमीनों को मात्र 1 रुपये प्रतिवर्ष की लीज पर जोड़ा है। इन निगमों की कुल सम्पत्ति कई हजार करोड़ रुपये की है। इस साल इन दोनों निगमों को उपभोक्ताओं से करीब 66,000 करोड़ रुपया का बकाया भी वसूलना है जिससे उन्हें करीब 20,000 करोड़ का मुनाफा होने का अनुमान है। सरकार इतने बड़े घाटे को अंजाम देने जा रही है। और इसकी कीमत कर्मचारी, इंजीनियर और आम उपभोक्ता चुकाएंगे।

प्रदर्शन में अनुभव दास शास्त्री, बाबूराम पाल, रामजी सिंह, बसंत कुमार, रामनवल, विश्वराज, रामप्रवेश यादव, सिकंदर, सरोज सिंह बलवंत, जयप्रकाश यादव, अमरजीत, विद्याधर कुशवाहा, रामबली राजभर, दुर्ग विजय राजभर, गोकुल, रामबदन बनवासी, हीरा मुन्ना आदि शामिल रहे।

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नंबर S6659562 में मेरा नाम KAMLESH दर्ज हो गया है, जो कि गलत है मेरा सही नाम KAMLESH SINGH है, मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। कमलेश सिंह पुत्र गुलाब सिंह ग्राम- करौली पोस्ट- गोंठा, थाना- दोहरीघाट जिला- मऊ, उत्तर प्रदेश, पिन 275303।

भाकपा माले ने उत्पीड़न के खिलाफ जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। भाकपा माले ने बुधवार को ग्राम सभा छिछोरे करौंदी में तीन साल से उखाड़ कर छोड़े गए खड़ंजा के निर्माण व खड़ंजा के गायब ईंटों को लेकर एफ आई आर तथा दोहरीघाट थाना के एस आई दीप नारायण सिंह द्वारा जमीनी विवाद में पीड़ित को थाने में बुलाकर किए गए मारपीट उत्पीड़न के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान भाकपा की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित दो सूत्री मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। भाकपा माले के जिला सचिव बसंत कुमार ने कहा कि योगी सरकार में दबंग माफिया पुलिस गठजोड़ कायम हो गया है। भयमुक्त समाज का नारा भी जुमला साबित हो रहा है। ग्राम सभा छिछोरे करौदी में दबंग प्रधान द्वारा तीन साल से ग्रामीणों के रास्ते का खड़ंजा उखाड़ कर ग्रामीणों का लगातार तीन साल से उत्पीड़न किया जा रहा है। पिछले एक साल से ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी से धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्या का समाधान करने की बात उठाते रहे लेकिन क्षेत्र के दबंगों के प्रभाव के कारण गरीब ग्रामीणों का रास्ता पानी निकासी हेतु नाली नहीं बनाया जा रहा है। 'सबका साथ सबका विकास' का नारा भी एक धोखा ही है। उन्होंने कहा कि दोहरीघाट थाना के एस आई दीप नारायण सिंह द्वारा जमीनी विवाद में थाने में बुलाकर पीड़ित पक्ष का ही उत्पीड़न करना पुलिसिया कार्रवाई को दिखाता है। उत्तर प्रदेश में पुलिस राज कायम हो गया है। लंगड़ा कर देने की पुलीसिया धमकी आम बात हो गई है। एस आई दीप नारायण सिंह की पक्षपाती कार्रवाई व मारपीट की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। पत्रक देने वालों में रामनवल सिंह, विधायक विद्याधर कुशवाहा, शिवकुमार, हीरा, रामबली राजभर, दुर्ग विजय राजभर, मुन्ना, रामबदन, जयप्रकाश यादव, रहमत आदि शामिल रहे।



उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

पुलिस ने शव लिया कब्जे में, परिजन में कोहराम

हादसा : कोचिंग जा रही दो सगी बहनें घायल, एक की मौत

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोईनाबाद सड़क पर कोचिंग सेंटर जा रही दो सगी बहनों हादसा में मौत हो गई। वाहन का पहिया निकलने से इसकी चपेट में आकर दो सगी बहने गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। एक तो मौके पर ही दम तोड दिया जबकि दूसरी उपचार के भर्ती है। एक छात्र की मौत को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया। जाम से आक्रोशित ग्रामीणों को विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन को एक सेक्शन पीएसी बल बुलाना पड़ा फिर भी ग्रामीण जामस्थल पर डटे रहे। मौके पर मुबारकपुर,

जहानागंज, सिधारी तीन थानों की फ़ोर्स भी आ गई थी। सीओ आस्था जायसवाल मौके पर पहुंची और ग्रामीणो को आश्वस्त देकर जाम खुलवाया।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोईनाबाद निवासी सूर्यभान की दो पुत्रियां दिव्यांशी और प्रियांशी घर से कोचिंग सेंटर जा रहीं थी।

वे सड़क पर पहुंची थी कि तेज रफ़्तार से आ रहा ट्रक का पहिया खुलकर छिटक गया जिसकी चपेट में उक्त दोनो बहने गम्भीर रूप से घायल हो गयी। दिव्यांशी ने मौके पर ही दम तोड दिया जबकि बड़ी बहन प्रियांशी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वह जीवन और मौत से जूझ रही है। इधर घटना को लेकर सड़क पर उतर कर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन में सड़क मार्ग जाम कर दिया। जाम लगभग चार घंटे तक चला।

अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत

आजमगढ़। जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अरारा गांव के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मार्टीनगंज-गंभीरपुर मार्ग पर सड़क के किनार गड्ढे में बाइक सवार गिर गया था। परिवार में मौत की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बेलऊ गांव निवासी 42 वर्षीय रत्नेश राय उर्फ रिंकू रात करीब 10 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। अरारा गांव के पास पहुंचे थे कि इस दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। जियनपुर दिनांक 31.05.2025 को आवेदिका ने थाना जीयनपुर पर लिखित तहरीर दी कि विपक्षी अतीश पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम पिचरी, थाना मुबारकपुर द्वारा वादिनी की लड़की को पिछले लगभग पाँच वर्ष से शादी का झासा देकर शादी करने को कह रहा था व लगभग एक वर्ष से शारिरीक सम्बन्ध भी बनाया करता था।

जब मेरी लड़की की शादी के लिए दबाव बनायी तो इधर उधर का बहाना बनाने लगा व कल रात को मेरे घर आया व मेरी लड़के के साथ लगभग दो घंटे रहा इसी बीच मेरी मोबाइल लेकर उसमे मेरी लड़की के बीच सम्बंध का जो रिकार्ड था, उसको डिलीट कर रहा था जिसको मेरी लड़की द्वारा मना करने पर धमकी देने लगा और भागने लगा कि मै जा रहा हूँ, अब शादी नहीं करुंगा, जो करना होगा कर लेना, तब से उसकी मोबाइल बंद है, के सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 200/2025 धारा 69/351(2) BNS थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ बनाम अतीश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी पिचरी थाना मुबारकपुर आजमगढ दिनांक 04.06.2025 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अतीश कुमार उर्फ अंश पुत्र अशोक कुमार निवासी पिचरी थाना मुबारकपुर आजमगढ़ को समय करीब 09.05 बजे रशीदाबाद राईसमील थाना जीयनपुर आजमगढ़ से हिरासत पुलिस में लिया गया व आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

एसडीएम थाना अध्यक्ष ने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने की अपील की

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना क्षेत्र ठेकमा चौकी पर पीस कमेटी की बैठक की गई ईद उल अजहा बकरीद के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई उप जिला अधिकारी ने सदभाव से पर्व मनाने की अपील की थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह एकमा चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार की मौजूदगी तथा एसडीएम मार्टिनगंज राजकुमार बैठा की अध्यक्षता में ठेकमा चौकी पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

मीटिंग में सद्भाव से पर्व मनाने की अपील की गई बकरीद के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए ठेकमा चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक में उप जिला अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में त्योहारों को सद्भाव से मनाने की परंपरा रही है उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर गौरवशाली परंपरा को कायम रखें उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की समस्या होगी तो उसकी प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा।

अगर किसी तरह की गड़बड़ी पैदा होती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी क्या त्योहार के दौरान कोई ऐसा कार्य न किया जाए जिससे किसी अन्य को कोई परेशानी हो बकरीद के पर्व पर कोई भी व्यक्ति खुले में कुर्बानी न करें जिसे दूसरे की भावनाएं आहत हो कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को जमीन में दफन कर दे इधर-उधर खुले स्थान में न फेके उन्होंने यह भी कहा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें कोई व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी पीस कमेटी में आए हुए मुस्लिम धर्म गुरु संभ्रांत व्यक्ति प्रधान मौके पर उपस्थित दरोगा पुनीत श्रीवास्तव कांस्टेबल पंकज यादव कांस्टेबल जगभान कांस्टेबल सुरेंद्र गुप्ता कांस्टेबल भूपेंद्र कांस्टेबल आशुतोष वर्मा महिला कांस्टेबल प्रीति पटेल शिवमंगल यादव साहब जान राशिद जमाल राजकुमार प्रधान रविंद्र सरोज शिवकुमार प्रकाश सिंह तोमर आदि लोग उपस्थित है।

शादी में डीजे बजाने को लेकर लाठियां चलीं

आज़मगढ़। जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव में मंगलवार की शाम डीजे बजाने व महिलाओं का वीडियो बनाने को लेकर दो वर्गों में झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट की इस घटना में करीब सात लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दो वर्गों के बीच हुए विवाद को लेकर प्रशासन ने वहां पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव निवासी बरखू के पुत्र राकेश कन्नौजिया की शादी मंगलवार को थी। शाम के समय परिजन डीजे बाजते हुए घर से कुछ दूरी पर लावा लेने गए थे। तभी एक वर्ग के कुछ लोगों ने बीमारी का हवाला देते हुए डीजे की आवाज कम करने की बात कही इसी दौरान महिलाओं का वीडियो बनाने से मना करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। एक पक्ष से संजना (17), अंगेश (22), संदीप (27), रंजना (19), अनीता (40), रितेश (20) व गोविंदा (25) घायल हो गए। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां तनाव को देखते हुए उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही एसएसपी हेमराज मीना ने वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया।। हालांकि स्थिति सामान्य हो चुकी है। मुबारकपुर थाना प्रभारी निहार नंदन ने बताया कि मामला शांत हो गया है। पुलिस बल तैनात है।

आपसी भाई चारगी एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए त्योहार : एसडीएम हर्षिता तिवारी

भांवरकोल (गाजीपुर)। आगामी बकरीद आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार शाम करीब चार बजे थाना परिसर के सभागार में उपजिलाधिकारी डा0 हर्षित तिवारी व क्षेत्राधिकारी चोब सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, सम्मानित नागरिकों, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान एसडीएम और क्षेत्राधिकार ने त्योहार को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम समुदाय के लोग कुर्बानी बंद स्थान या अपने घरों में ही करें। कुर्बानी के अवशेषों को गड्ढों में दबाने का निर्देश दिया गया। यह व्यवस्था गंदगी न फैले और अन्य समुदाय के लोगों को कोई असुविधा न हो, इसलिए की गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का चेतावनी दी गई।

बोलेरो के टक्कर से वृद्ध की मौत

आज़मगढ़। जिले के तरवां थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में सोमवार की रात बोलेरो की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। घर के सामने हुई दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। तरवां थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी 75 वर्षीय रामवचन परिवार के साथ तरवां बाजार में रहते थे।

उनका घर मेहनाजपुर-चिरैयाकोट मार्ग पर है। सोमवार की रात करीब 11 बजे वे घर के पास सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान मेहनाजपुर की ओर जा रही बोलेरो टक्कर मारते हुए फरार हो गई। घायल वृद्ध को लेकर लोग अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

महावीरी झंडा जुलूस की शुरुआत, मुख्य जुलूस से पहले निकलेंगे चार गोल

सिकंदरपुर,बलिया। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर सिकंदरपुर कस्बे में महावीरी झंडा जुलूस का शुभारंभ मंगलवार सायं 7.30 बजे महावीर स्थान, हॉस्पिटल रोड के पास झंडा (पताका) की स्थापना के साथ हुआ। इससे पूर्व, मंगलवार की सुबह 7.50 बजे जुलूस अध्यक्ष राकेश सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ झंडा स्थल की साफ़-सफ़ाई करवाई। पताका के स्थापना के बाद अखाड़ेदारों ने शानदार करतब प्रस्तुत किए, जिनके साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे कस्बे को भक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर जुलूस के अध्यक्ष राकेश सिंह के साथ-साथ राकेश यादव, गणेश सोनी, अवधेश सिंह, बिहारी पाण्डेय, अशोक पांडेय, दुर्गा दास, अभिषेक सोनी, अशोक जायसवाल, बजरंगी चौहान, ददन पांडेय, पुजारी महेंद्र तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक व सभी अखाड़ों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य महावीरी झंडा जुलूस इस वर्ष 27 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा। उससे पहले परंपरानुसार चार गोल निकलेंगे, जिनकी तिथियाँ स्थानीय समिति द्वारा शीघ्र घोषित की जाएँगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेश कुमार मलिक एवं कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की शान्ति समिति की बैठक

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में गंगा दशहरा एवं बकरीद त्योहार पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शान्ति समिति की बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित संभ्रांत नागरिकों की समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा एवं बकरीद त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए अब तक की गई तैयारियों/कार्यवाही की जानकारी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों से प्राप्त करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि सभी स्नान घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय तथा सफाई कर्मियों की ड्यूटी भी लगा दिया जाय। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी,जिला पंचायत को सभी स्नान घाटों पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, लाउडस्पीकर एवं टेंट आदि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी के डूबने की घटना न होने पाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई भी व्यक्ति नाव पर बैठकर बैरिकेडिंग एरिया के बाहर स्नान करने न जाने पाए, सभी लोग घाट पर ही स्नान करें। स्नान घाट तक जाने वाले रास्तों का भी निरीक्षण आवश्यकतानुसार रास्तों को ठीक करा दिया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को बड़े स्नान घाटों पर स्वास्थ्य टीम लगाने के भी

निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी,अपर मुख्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग आदि संबंधित अधिकारियों को स्नान घाटों पर जाकर आज शाम तक सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित संभ्रांत नागरिकों से कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाई-चारा के साथ मनाया जाय। किसी नई परंपरा की शुरुआत न किया जाय। ईदगाह/मस्जिद में ही इबादत किया जाय। सार्वजनिक स्थान व सड़कों पर इबादत न किया जाय। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दिया जाय। किसी भी नए स्थान पर इबादत एवं कुर्बानी न किया जाय। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है,तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को त्योहार के दिन भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी से कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट न किया जाय। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाय और न ही अफवाह फैलाई जाय। जनपद में आपसी सौहार्द बनाए रखें। कोई भी नई परंपरा की शुरुआत न किया जाय।

उन्होंने कहा कि स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने बच्चों को भी यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन, अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री कृपा शंकर एवं नगर मजिस्ट्रेट श्री आसाराम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहें।

हत्यारोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

गाज़ीपुर। हत्या के बीस दिन बाद आखिरकार सादात पुलिस ने हत्यारोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया। उल्लेखनीय है कि सादात थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर गांव में 15/16 मई की रात अपने घर के बाहर सो रहे प्रेम प्रकाश राय (60 वर्ष) पुत्र स्व. बनारसी राय निवासी बुढ़नपुर की गोली मारकर हत्या की गयी थी। घटना के बाद पुलिस उच्चाधिकारियों व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और सादात थानाध्यक्ष वागीश विक्रम सिंह को कार्यवाही का निर्देश दिया था। मृतक की पत्नी प्रतिमा राय ने ईसी समय अपने पड़ोसी शैलेन्द्र उर्फ पीयूष राय पर हत्या की आशंका जतायी थी जिसके आधार पर पुलिस उसे पकड़ कर अपने साथ ले गयी तो क्षेत्रीय जनता व मृतक के परिजनों को भी उम्मीद जगी कि पुलिस शीघ्र ही घटना का खुलासा करेगी, लेकिन घटना के लगभग बीस दिन तक पुलिस सिर्फ आश्वासन देती रही कि घटना की तफ्तीश जारी है। करीब एक पखवाड़े तक हत्यारोपी के विरुद्ध कार्रवाई न होने से पुलिस पर सवालिया निगाहे उठने लगी थीं।

बुधवार चार जून को विभागीय प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया गया कि थाना सादात पुलिस टीम ने मुकदमा सं. 80/2025 धारा 103(1)/352/351(3) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त पीयूष राय उर्फ शैलेन्द्र राय पुत्र स्व. रामचन्द्र राय निवासी ग्राम बूढनपुर थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र 45 वर्ष को ईंट भट्ठा सवास से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल नाइन एम एम पिस्टल भी बरामद कर ली है। बताते चलें कि गिरफ्तार अभियुक्त पीयूष राय उर्फ शैलेन्द्र राय पर सादात थाने में पहले से ही हत्या, आयुध अधिनियम और गुण्डा एक्ट के तहत मुकदमें दर्ज हैं। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भले ही अभियुक्त को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया हो लेकिन एक लम्बे समय के बाद अभियुक्त का पकड़ा जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पेंशनधारक फर्जी फोन कॉल्स से रहें सावधान

गाजीपुर। कोषागार जनपद गाजीपुर से पेंशन आहरित कर रहें समस्त पेंशनभोगीयों को सूचित किया जाता है कि सभी पेंशनधारक फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहे। पेंशनधारकों के मोबाइल नम्बर पर यदि किसी प्रकार की ऐसी कॉल आती है, जिसमें पेंशनधारकों शनधारकों से वेतन अथवा पेंशन से संबंधित कोई जानकारी मांगी जा रही है तो उस कॉल को तत्काल काट दें तथा किसी प्रकार की जानकारी कॉल पर न देखें। ऐसे फोन कॉल पर किसी खाता नम्बर पैन कार्ड नम्बर या आधार नम्बर से संबंधित कोई व्यक्तिगत सूचना न दें। मोबाइल फोन पर किसी भी माध्यम से आए फ्रॉड लिंक न खोले और न ही उसे फॉरवर्ड करें। इस प्रकार के फॉड कॉल्स या मैसेज के माध्यम से मांगी गयी वेतन या पेंशन से संबधित कोई भी सूचना न देखें। कोषागार अपने स्तर पर से किसी भी प्रकार का कॉल या मैसेज नहीं करता है। आयकर अधिनियम 1961 की धारा-192 के अनुसार महालेखाकार उ0प्र0 के आडिट दल द्वारा उठाई गयी आपत्ति के अनुपालन में कोषागार जनपद गाजीपुर से पेंशन आहरित कर रहें समस्त पेंशनभोगी को सूचित किया जाता है कि आयकर विभाग द्वारा निर्गत गाइड लाइन के दृष्टिगत ऐसे पेंशनभोगी जो प्रतिमाह रूपया 1,05,000 से अधिक पेंशन राशि भुगतान प्राप्त कर रहे रहे है, वे नियमानुसार आनुपातिक रूप से पेंशन पर देय आयकर देयता की कटौती प्रतिमाह नियमित पेंशन से अवश्य रूप से कटौती कराना सुनिश्चित करें। कोषागार जनपद गाजीपुर से पेंशन आहरित कर रहें समस्त पेंशनभोगी जो आयकर की परिधि से अच्छादित होने की स्थिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति तक की आयकर देयता विवरण दिनांक 11.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 के मध्य तक प्रत्येक दशा में कोषागार कार्यालय में अपने पैन कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ अवश्य जमा करें।

उक्त आयकर परिधि से अच्छादित पेंशनभोगियों का आयकर देयता विवरण न जमा करने की https://koshvani.up.nic.in में लागिन कर Pensioner's Treasury Name Ghazipur, भरने के पश्चात Enter Account Number में अपना पेंशन खाता संख्या भरकर वित्तीय वर्ष 2025-26 का पेंशन आहरण विवरण का प्रिंट आउट निकाल कर आयकर देयता विवरण भरने की सुविधा है। प्रथम व पुनरीक्षित पेंशन भुगतान के मामलों में केवल राहिकरण एवं उपादान की राशि पुर्णतः आयकर मुक्त है।

सीवर लाईन कार्य की जद में आने से दो की मौत

गाजीपुर। मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, गाजीपुर ने बताया गया कि जनपद में नखाय तिराहे पर सीवर लाईन का कार्य चल रहा था। सीवर लाईन के कार्य में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी है जो एक द्ुखद घटना है। घटना की जानकारी होने पर तत्काल मौके पर बचाव टीम/पुलिस पहुची और दोनो मृतक का शव को बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जो यह घटना घटित हुई है उसमें सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा सीवर सफाई में जो भी मानक/मानदण्ड है उसे न अपनाये जाने के कारण यह दुःखद घटना घटित हुई है। इसमें जो भी पाये जायेगे उसके खिलाफ सख्त और कठोतम कार्यवाही होगी वह की जायेगी। प्रकरण की जॉच भी की जा रही है मृतक के परिवारजनों को शासन द्वारा जो भी अनुमन्य सहायता प्रदान की जा सकेगी, उन्हें प्रदान की जायेगी। मौके पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ, सदर एसडीएम व कोतवाल उपस्थित रहे।

संयुक्त शिक्षक मोर्चा के बैनर तले वित्तविहीन शिक्षकों ने भरा हुंकार

गाजीपुर। वित्तविहीन शिक्षकों ने संयुक्त शिक्षक मोर्चा के बैनर तले राधिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरा बाजार में एक मीटिंग आयोजित किया जिसमें शिक्षकों ने अपनी मांग को रखते हुए कहा कि जो वित्तविहीन शिक्षकों की बात करेगा वही प्रदेश पर राज करेगा वित्तविहीन के शिक्षकों का सम्मान और अधिकार की अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए हम संकल्पित जब तक हमारा अधिकार नहीं मिलता है हम सड़क पर अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर कृष्ण मोहन यादव ने कहा कि संयुक्त शिक्षक मोर्चा वित्तविहीन शिक्षकों की लड़ाई लड़ने के लिए कटिबंध है वित्तविहीन शिक्षकों का पारिश्रमिक एक मजदूर की दैनिक मजदूरी से कम है इसकी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रधान महासचिव जियारत हुसैन ने कहा कि शिक्षकों के मानदेय की लड़ाई अंतिम चरणों में है शिक्षको की सेवा शर्तें का कार्य प्रगति पर है आपके अधिकारों लड़ाई और गंभीरता से लड़ी जाएगी वित्तविहीन शिक्षक महासभा आपकी की लड़ाई लड़कर आपको सम्मान और मानदेय दिलाने के लिए कटिबद्ध है।

मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं शिक्षक नेता डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा की वित्तविहीन शिक्षकों को अपने स्वभाव के विपरीत फुफकार मारने की आवश्यकता है यदि शिक्षक गण सरकार के खिलाफ केवल फुफकार मारे तो सरकार की चूल हिल जाएगी और उसके अधिकार को देने के लिए वाध्य हो जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक नेता अजय

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की समीक्षात्मक बैठक प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की गई

बरदह। आजमगढ़ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला स्तरीय बैठक जिला कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में समीक्षामक बैठक की गई इस बैठक में सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सहित मंडल के सदस्य उपस्थित रहे इस समीक्षात्मक बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक रविवार को हर तहसील पर एक बैठक होनी चाहिए जिसमें जिले से या कोई विशिष्ट अतीत अवश्य उपस्थित हो जिले की बैठक दो महीने पर एक बार और मंडल में 3 महीने पर दो बार मीटिंग होना अति आवश्यक है यह ऊपर से आदेश है प्रदेश अध्यक्ष जी का ग्रामीण पत्रकार संगठन को कैसे और मजबूत बनाया जाए एवं आगे और कैसे बढ़ाया जाए सभी साथियों को साथ लेकर एवं उनके सुख दुख में सहभागी बनकर कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती देना है अपने प्रत्येक साथियों को मीटिंग करना और एक दूसरे से मिलना अति आवश्यक है क्योंकि इससे अंतरात्मा से आत्मिता बनी रहती है और एक तरह की ऊर्जा उत्पन्न होती है कोई दिक्कत परेशानी हो हमसे मिले जिला अध्यक्ष से मिले उन्होंने पत्रकारिता अधिकारियों अपने बीच में सामंजस बनाकर करना चाहिए जिला अध्यक्ष वृजभूषण उपाध्याय ने कहा कि हमारी तहसील और हम लोग के बीच सामंजस अच्छे हैं और प्रदेश अध्यक्ष ने देख भी लिया है कि हम लोग कितने संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी और अच्छा कार्य करेंगे और संगठन को आगे बढ़ाएंगे या संगठन तभी प्रदेश में आप सभी जिलों में उपस्थित है अंत में भारत माता की जय एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जय बोलते हुए।

कार्यक्रम का समापन किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी तहसील अध्यक्षों का एवं प्रदेश उपाध्यक्ष और मंडलअध्यक्ष वीरभद्र सिंह का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीरभद्र प्रताप सिंह ने किया एवं संचालन जिला अध्यक्ष वृजभूषण उपाध्याय ने किया कार्यक्रम में उपस्थित कृष्ण मोहन उपाध्याय पौरुष पांडे चंद्रिका प्रताप यादव प्रदीप वर्मा अजय सिंह नायक यादव विजय सिंह विवेक तिवारी सत्येंद्र सिंह मनोज सिंह आशुतोष मिश्रा शशिकांत पांडे भूपेंद्र यादव दिनेश तिवारी देवेंद्र मिश्रा असित कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय सबको धन्यवाद करते हुए समापन किया।

आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया रुटमार्च

शरारती तत्वों को जारी की गई सख्त चेतावनी

बलिया। आगामी त्यौहारों गंगा दशहरा व बकरीद आदि के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था अक्षुण्य बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री कृपा शंकर, क्षेत्राधिकारी सदर मो0 उस्मान, क्षेत्राधिकारी बैरिया श्री मो0 फहीम व विभिन्न थानों के पुलिस बल के साथ सदर सर्किल अन्तर्गत थाना चितबड़ागांव में मिश्रित आबादी क्षेत्र में पुलिस बल के साथ रुटमार्च/पैदल गस्त किया गया । महोदय द्वारा पैदल गश्त के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, व बाजारों आदि में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग करायी गई। पैदल गश्त के दौरान आमजन व धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व सद्भाव बनाए रखने हेतु

अपील की जा रही है। साथ ही पर्वों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी जारी की गई। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों व मस्जिद के आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गस्त/भ्रमण कर धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया जा रहा है। इसी प्रकार बकरीद आदि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति/सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना फेफना में, उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर द्वारा थाना खेजुरी, उपजिलाधाकी बांसडीह व क्षेत्राधिकारी बांसडीह द्वारा थाना बांसडीह, क्षेत्राधिकारी रसड़ा व नायब तहसीलदार रसड़ा द्वारा थाना नगरा में व अन्य थाना दोकटी, भीमपुरा, दुबहड़, चितबड़ागांव, उभांव आदि के प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के सभी संभ्रान्त नागरिकों/आमजन के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी। मीटिंग के दौरान उपस्थित क्षेत्र के सभी आमजन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त करते हुए उन्हे शांति पूर्वक त्यौहार मनाने हेतु अपील की गयी। सभी से शांति/सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया जा रहा है तथा बाजारों व महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं की चेकिंग कराई जा रही है। यदि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा आगामी त्यौहारों में शांति व्यवस्था भंग की जाती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कश्मीर मुद्दे पर फिर रोया पाकिस्तान

नई दिल्ली। डेलीगेशन की अगुवाई कर रहे पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने माना है कि

उनके देश ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य जगहों पर कश्मीर मुद्दे पर अपने अभियान में कोई प्रगति नहीं की है। बिलावल भुट्टो ने आगे कहा, जहां तक संयुक्त राष्ट्र और सामान्य तौर पर कश्मीर मुद्दे का सवाल है, हमारे सामने आने वाली बाधाएं अभी भी मौजूद हैं।' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राजनयिकों के साथ अपनी बैठकों में उन्हें आतंकवाद और जल जैसे मुद्दों पर तो मदद मिली, लेकिन यह कश्मीर तक नहीं पहुंची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने एक फलस्तीनी पत्रकार द्वारा कश्मीर और गाजा को समान बताने के प्रयास को खारिज कर दिया, जिसका कुछ पाकिस्तानियों ने भी इस्तेमाल किया है।'

बिलावल भुट्टो ने आगे कहा, 'मैं शुरू से ही इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि फलस्तीनियों की दुर्दशा और पाकिस्तान, कश्मीर की दुर्दशा के बीच मैं कोई सार्थक तुलना नहीं कर सकता।% उन्होंने कहा, 'हम गाजा में जो देख रहे हैं, फलस्तीन में जो देख रहे हैं, वह सभी रूपों, स्वरूपों और शर्तों में अत्यंत अपमानजनक, अमानवीय और निंदनीय है।% लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि भारत इजरायल से प्रेरणा ले रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरह बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे उनके आसपास भी नहीं हैं।

बिलावल के प्रतिनिधिमंडल को इस्लामाबाद ने उन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के आधार पर तैयार किया है। यह आधार भारत के आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की मौत के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बारे में तय हुआ है।

यूक्रेन को एक लाख ड्रोन देगा ब्रिटेन

लंदन। पिछले कई सालों से जारी रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रोज कुछ न कुछ ऐसा होता है जिससे युद्ध का संकट और भी गहरा जाता है। रॉयटर के मुताबिक, ब्रिटेन ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के अंत तक अप्रैल 2026 तक यूक्रेन को 100,000 ड्रोन देने का वादा किया है और काफी बड़ी संख्या है।

इससे पता चलता है कि मानव रहित हवाई वाहनों ने युद्ध लड़ने के तरीके को बदल दिया है। ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को एक स्वतंत्र रूप से निर्मित रणनीतिक रक्षा समीक्षा का समर्थन किया, जिसमें संभावित रूसी आक्रमण सहित उभरते खतरों का मुकाबला करने के लिए अधिक घातक, तकनीक-संचालित सेना की मांग की गई है। यूक्रेन के कट्टर पश्चिमी समर्थकों में से एक ब्रिटेन, रूसी आक्रमण के खिलाफ कीव की तीन साल से अधिक की लड़ाई जारी रहने के दौरान लगातार मदद करता रहा है। वहीं, ड्रोन ने युद्ध के मैदान को पूरी तरह से बदल दिया है। सरकार ने कहा कि 350 मिलियन पाउंड (473 मिलियन डॉलर) का ड्रोन पैकेज यूक्रेन के लिए 4.5 बिलियन पाउंड की व्यापक सैन्य सहायता पहल का हिस्सा है। रक्षा सचिव जॉन हीली जर्मनी के साथ सह-मेजबानी में ब्रूसेल्स में 50 देशों के यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक में यह घोषणा करेंगे।

बैठक से पहले एक बयान में हीली ने कहा कि यूके इस साल सैकड़ों हजारों और ड्रोन देकर यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बढ़ा रहा है और महत्वपूर्ण तोपखाने गोला-बारूद की डिलीवरी में एक प्रमुख मील का पत्थर पूरा कर रहा है। ड्रोन डिलीवरी के अलावा, ब्रिटेन ने कहा कि उसने जनवरी से यूक्रेन को 140,000 तोपखाने के गोले की शिपमेंट पूरी कर ली है और इस साल यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षित करने पर 247 मिलियन पाउंड और खर्च करेगा।